गया। लेकिन जेल से निकलते ही वह इसके स्वावलंबन और अनवरत्त प्रकाशन के लिए पुख्ता इंतजाम करने में भिड़ गए। 4 अप्रैल, १93। से प्रकाशन पुनः शुरू हुआ तो .फिर रूकने का नाम नहीं लिया। आजादी के बाद भी :करीब 2 साल चलने के यह थका। उन्होंने पाठकों से लेकर लेखकों और व्यवस्थापकों के बीच प्रतिष्ठा के साथ पत्रकारिता और पत्र उद्यम व व्यवसाय चलाने के लिए निम्न पैमाने रखे- सिर्फ विचार के लिए नहीं, बरतने के लिए : ०... 'कर्मवीर' के संपादन और 'कर्मवीर' परिवार की कठिनाइयों का उल्लेख न करना। ०»... कभी धन के लिए अपील न निकालना | ०... ग्राहक संख्या बढ़ाने के लिए कर्मवीर के .कालमों में न लिखना | ०... क्रांतिवादी पार्टी के खिलाफ गांधीजी के (भी) वक्तव्य छापने से इंक़ार करना । ०... सनसनीखेज खबरें कभी न छापना | ०... विज्ञापन जुटाने के लिए किसी आदमी की नियुक्ति न करना | श्[3 . छत0] (0४ )पाएकारअापार कपल दल षिय के लोग मी उस न पद या पर चितनों तीक्षणता से ब्रिटिश शसन के पायों पर आक्रमण करता था, उतनी ही तीक्ष्णता से उन लोगों को चुनौती देता था, जो देशद्रोह और शोषण का घृणित खेल खेलते थे। उन्होंने इसके माध्यम से एक ऐसे राष्ट्रीय चिंतन को जन्म दिया, जिसे अंतरराष्ट्रीय कहा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रश्नों पर उनका साधिकार लेखन पाठकों में जानकारी और उत्तेजना उत्पन्न करता था। टर्की-प्रश्न का निपटारा, अफगान युद्ध, आयरलैंड का स्वराज्य-कानून, रूस की क्रांति, अमेरिका का रंगभेद और गुलामों की खरीद, न्यूजीलैंड में भारतीयों का बहिष्कार आदि अनेक अंतरराष्ट्रीय समस्याओं पर इसके संप्रादकीय एवं लेख इतिहास के .प्रामाणिक दस्तावेज हैं। भारत में पंचायत चुनाव, मजदूर और मजदूरी, खिलाफत का प्रश्न, स्त्रियों पर अत्याचार, सहकारिता, शिक्षा, धर्म, पूंजीवाद और साम्राज्यवाद जैसे विषयों पर इस पत्र का चिंतन और विश्लेषण आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि कुछ प्रश्न चाहे पुराने हो गए हों, पर अभी जीवित हैं। (संपादक भी माखनलाल चतुर्वेदी रचनावली) | साहित्य, समीक्षा, कला और अन्य ललित विषयों से भी कर्मवीर का गहरा सरोकार रहा। आधुनिक पीढ़ी के निर्माण में और नई प्रतिभाओं के उन्नयन में उसने प्राणवान, संप्रेरक औरं अत्यंत आत्मीय भूमिका निभाई। वह अपने युग के असहायों, दलितों, मजदूरों, किसानों ' और शोषितों की ताकत और आवाज बना। 25 दिसंबर, १925 को एक प्रसंग में माखनलालजी ने लिखा: हम भारतीय वस्त्र व्यवस्था को देश की. आवश्यक धरोहर समझते हैं। इसी वजह से. पूंजीपति व ः कर छप्तण (एशर ]पाएएरअपार फिट मासिको से करना यादव है कि आप पियशो कस्त्र के मुकाबले अपने व्यवसाय की उन्नति कीजिए। स्वयं धन और यश कमाइए, परन्तु यह न भूल जाइए कि आपका धन, मिलों के मजदूरों की वजह से पैदा होता है। आपका धन आपके वस्त्र को खरीदने वाले भारतीय खरीददारों से पैदा होता है। आज सरकार ने आपकी मदद की है, पर आपकीं सच्ची सहायता उन लोगों से आती है जो आपके खरीददार हैं और जो मर-खपकर आपका कपड़ा. बनाते हैं ।” 24 अप्रैल, 926 को रॉयल कमीशन के संदर्भ में “कर्मवीर' ने. अत्यंत निर्भीकता से लिखा- “रॉयल कमीशन चाहता है कि भारतैवासी खेती पर ही जीने के लिए विवश हों। यह भारत के भूखे पेंटों, सूखी हडिडयों और गरीब किसानों को चुनौती है। क्या हम इस चुनौती को चुपचाप बर्दाश्त कर लेंगे ? हमें एक स्वर से गर्जना करनी चाहिए- “हमें खेती का ब्रेह्छ्मास्त्र मत सिखाओ' | हमें व्यापार की कुंजी चाहिए। हम प्राण रहते अपने बचे-खुचे कुछ बाजार तुम्हें हरगिज न हथियाने देंगे ।” (लॉर्ड रीडिंग के भारतीयों को खेती पर निर्भर रहने के वक्तव्य पर) । उनके द्वारा लिखित संस्मरण -- “साहित्य नहीं, समय बोला' महात्मा गांधी ने नमक सत्याग्रह छेड़ा, मैं तारीख 22 मार्च, 4930 को भड़ौंच पहुंच गया। डॉक्टर चंदूलाल के साथ वहां का गाँधी सेवाश्रम देखा। महात्माजी की. डांडी-यात्रा के .बारह सिपांही वहां शुश्रूषा कर रहे थे। मेरे साथ वर्धा के (स्वर्गीय) बाबा. साहब 05 है ा.ए छाण (0९ )एराएहरडापए सदर िरियय यौरि जयलपुर के थी यपनायी था वाया साठ जेंबूसर गांव में महात्माजी से मिलकर लौट आए थे। मैं भड़ौंच से समनी गांव गया। बुआ नामक ग्राम से महात्माजी और नमक सत्याग्रहियों की टोली समनी आ रही थी। समनी आकर मैंने देखा कि गुजरात के गांवों में नमक सत्याग्रही बापू. के स्वागत के लिए .समनी गांव आ रहे है। समनी गांव की आबादी नौ सौ पैंसठ है। वह. बहुत छोटा सा गांव हैं। किन्तु आसपास के गांवों से गुजराती किसानों के डझुंड के झुंड बापू के दर्शन के लिए एकत्रित हो रहे थे। विशेषता यह है कि उनमें से शायद पंचानबे प्रतिशत के लगभग तो पैदल ही मीलों का प्रवास करके आए थे। गुजराती किसान के दर्शन मैंने वहीं किए | उनकी प्रीठ पर एक झोला होता जिसमें एक लोटा, -एक धोती और खाने के लिए गांठिया नामक गुजरात का बना पदार्थ होता। शाम को साढ़े, पांच बजे मैं गुजराती किसानों से बात करता हुआ गांव से समनी आने के लिए रास्ते में पड़ने. वाले. केरंवाड़ा और सूड़ी गांवों की ओह चचला। गांवों में लोगों ने पानी खींच रखा था। बिछायतें बिछा रखी थीं, हाथ-कते सूत की मालाएं तैयार थीं। उस समय मुझे गुजरात के गांवों में बापू के दर्शनार्थ रास्ते में दस-दस, पांच-पांच की टोलीमें गुजराती किसान पुरूष और स्त्रियां साथ चलते दीखे। अंधेरा होने पर किसान लैंपों की कतार अनेक रेलवे स्टेशनों का भ्रम पैदा कर रही थी। जिस टोली को समझाइए कि बापू आते ही होंगे मत जाओ, उनके उत्तरों के वाकयों को सुनिए: 'हमारा बापू दुबला-पतला' है, कहीं वह बीमार नहीं हो गया हो। कहीं उसे कंकड़-पत्थरों में चोट आ गई हो। कहीं कांटा लगने से वह रास्ते में ही बैठ न गए हों! उप न यसिगउस पे अर हे यम सी गो 4.9 ह्ल (0शर१ )पा४ रद मिल वबममनभलमनभाम्भननननननननननधभ न बन बन “शायद इस योग सरकार द्ृ य्द बुआ सं मस्त समय गिरफ्तार कर लिया हो.....” उस समय वहां दो ही रस विद्यमान थे। श्रद्धा का शांत रस और दर्शन

की बेचैनी का करूण रस कि इतने में ही दूर पर एक लालटेन दिखाई पड़ी और गुजराती किसान नर-नारी जोर से चिल्ला उठे- बापू आवे छे बधावी लेज्यो! लोंग ' इतने बेचैन कि दूर की लालटेन को देखने के लिए पास के झाड़ों पर चढ़े गए, सो भी. अपने-अपने लालटेन लेकर मानो बापू के आगमनें पर लॉालटेनों के रूप में वृक्षों में प्रकाश के फल फले हों। ठहरने की बात सहन न' करने मैं. नरसेना मानो वानरसेना बन गई थी और त्रेता के राम-युग, को दोहराने बैठ गई थी। जरा उन किसानों की बातें सुनिए : "भाई, तूने बापू को देखा है ?' "हां रे।' "फिर तुम लोगों ने जंबूसर से इतनी पैदल यात्रा करने के लिए बापू को रोका नहीं ?' "साथ चलते दूसरे किसान ने अपनी पाग संभाली और बोला, बापू जलालपुर क्यों जाते हैं, यही मेरे गांव के पास तो बहुत नमक बनता है, यहीं बनावें। मेरे गांव के लोग तो बापू के जाते ही. मीतू नमक बनाने. लगेंगे । एक किसान उत्साह में कह उठा, अमें आडा पड़ि जडइ शूं यानी हम आधे पड़ जाएंगे, और बापू से कहेंगे कि तुम 'तकलीफ' नहीं भोगो, तुम्हारी आज्ञा से सारा गुजरात जेल जाने के त .? छप्ण (008 ]एपाएारडापर जि हिरपस्सम इ एफ जयाज जद यंग जिम कर उस न्ललनिसससनय सममनमपरमभन्ञ्र्नम्न्नकच्च प्रस्तुत है कि एके औयाज ओए योय्यो गयी गयी दूसर ने आवाज लगाई, बापू: आवे छे, बधावी लेज्यों! "एक बहन सड़क पर थक कर बैठे हुए पुरूषों को फटकारकर बोली, साम याने चालोने शूं, बेठवाने आ छौ ? गंरज यह कि गुर्जर गांवों की वसुंधरा अपने लालटेनों का लंगर लिए, दीवाली-सी सजाती चल पड़ी। ज्योंही बापू और उनकी टोली पास आई, गुर्जर किसानों की बातचीत .बंद हो गई, मानो शील और संयम के रूप बनकर वे नमक सत्याग्रहियों के साथ चलने लगे । आगे--आगे गुजरात की किसान महिलाएं बापू और वल्लभभाई का गुणगान अपने गीतों में करते हुए चल रही थीं। मेरा मन मुझसे पूछ रहा था- इन बिल्कुल ताजे गीतों को गांवों की भाषा में. इतने शीघ्र कौन बना गया ? फिर मन ने ही उत्तर दिया- ये भगवान काल की घड़ियां है, जो किसी साहित्यिक या किसी रचना कौशल के लिए नहीं ठहरतीं। यह साहित्य नहीं, समय बोल रहा है।" "सूढ़ी से समनी के लिए पक्की सड़क थी-ढाई मील लंबी किन्तु बापू अपने सत्याग्रंहियों को लेकर धूल-भरी कच्ची सड़क से आए। गड्ढे, गरमी, जमीन में पड़ी दरारें और कांटे, उस सड़क में सब कुछ था। हां, यह मालूम हुआ कि गुजराती किसान नर-नारी दिन-भर उस सड़क के कांटे चुनकर दूर फेंक दिया करते थे, जिस सड़क से बापू जाते थे। बापू लंबे-लंबे चल कर आए। सिर में खादी का एक श्वेत टुकड़ा बंधा. था। घुटनों तक खादी की एक धोती पहने हुए थे। उनके एक हाथ में लाठी थी, दूसरा हाथ.एक स्वयं-सेवक के कंधे पर रखा हु पाया फत सता दम मी सास संग फ्यिसें (0?हाघ)एपराएारडप कटा सम हुआ था। बदन खुला था। दो-' कतार में कह थी : रघुपति राघव राजाराम, पतित्त पावन सीताराम | "मानो यह नमक सत्याग्रह के युद्ध में रण-वाहिनी का घोषणा मंत्र था।" आधुनिक काल के हिन्दी के कवियों में चतुर्वेदीजी ही अकेले ऐसे हैं जिन्होंने अपनी प्रतिभा तथा योग्यता का पूर्ण सदुपयोग राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेकर किया। 923 में नागपुर में हुए ऐतिहासिक झण्डा सत्याग्रह में डटकर भाग लिया था। १924 में गणेश शंकर विद्यार्थी की गिरफ्तारी पर कानपुर जाकर "प्रताप' का सम्पादन भी किया था। कानपुर में रहते हुए 'प्रभा' का पुर्नप्रकाशन भी किया था और उसके द्वारा देश की नई उठती पीढ़ी में राष्ट्रीयता की अद्‌भुत चेतना जाग्रत की थी। इन साहित्यिक कार्यों में संलग्न रहते हुए 4926 में केन्द्रीय धारा-सभा के चुनावों में महाकोशल कांग्रेस का सफल नेतृत्व किया था और +929 में सम्पन्न हुए अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के भरतपुर अधिवेशन के अवसर पर आयोजित सम्पादक सम्मेलन की अध्यक्षता भी की थी। "कर्मवीर और प्रभा' के सम्पादन काल में उन्होंने हिन्दी में राष्ट्रीय काव्य धारा का जो प्रचलन किया था, उससे प्रभावित होकर सामान्यतः समग्र देश तथा विशेषतः मध्य प्रदेश में अनेक कवि इस ओर अग्रसर हुए थे। उन्होंने जहाँ पत्रकारिता के क्षेत्र में एक ऐसी पीढ़ी तैयार की थी जो स्वतंत्रता को आदर्श मानकर उसकी प्राप्ति के लिए बड़े-से-बड़े त्याग के लिए तत्पर थी, वहाँ दूसरे क्षेत्र में भी अनेक ऐसे उप9 भा. छप्तण (0९88 ]एाएशरडााएं 'शचिनका प्रॉवणो उन दिनो उनकी जागिसक मय से पसगी गकर सी विकसित हुई थी। सुप्रसिद्ध कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की अकेली' "झाँसी की रानी' कविता ने ही देश में जागृति का जो भैरव-मंत्र फूँका था, वह उनका ही "प्रताप' था | राजनीति में आकण्ठ निमग्न रहते हुए भी उनकी साहित्य-साधना में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आई थी। व्यक्तित्व की यह एक और विशेषता थी कि लेखन तथा भाषण एक जैसा ही होता था। पत्रकारिता में उन्होंने सर्वश्री कालूराम गंगराडे, विष्णुदास शुक्ल और माधवराव सप्रे को अपना आदर्श समझा था, जबकि राजनीति में लोकमान्य तिलक की उग्रता को भी पूर्णतः अपनाया. था। उनकी प्रथम काव्य-कृति 'हिम किरीटिनी' ने हिन्दी काव्य को. जहाँ नया मोड़ दिया, वहाँ. 'हिम तरंगिनी' को साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली ने सर्वप्रथम पुरस्कृत किया था। वे शब्दों के ऐसे शिल्पी थे कि एक-एक शब्द का प्रयोग बहुत सावधानी से करते थे। यही कारण है कि उनके गद्य तथा पद्च में हार्दिकता तथा संवेदनशीलता पूर्णतः एकाकार हुई सी लगती है। सागर विश्वविद्यालय ने डी.लिट. से सम्मान किया था। १967 में भारत सरकार ' ने राष्ट्रभाषा संशोधन विधेयक पारित करके हिन्दी को राष्ट्रभाषा के पद पर प्रतिष्ठित करने की अवधि बढ़ाई थी, तब विरोध में सरकार द्वारा प्रदत्त 'पद्मभूषण' के अलंकरण को वापस करके हिन्दी के गौरव की रक्षा की | उ20 2.9 ए0] (088४ ]0पाएएरडाए इकाई-2 स्वतंत्र भारत में पत्रकारिता का विकासः शत्‌ाब्दियों की दांसता के पश्चात् स्वतंत्रता प्राप्ति किसी भी राष्ट्र के लिए निविड़तम अन्धकारपूरित रात्रि की समाप्ति पर हुए अरूणोदय के समान होती है। तमस रूद्र नेत्रों से जब राष्ट्र

स्वतंत्रता के सूर्य के दर्शन करता है तो जाने कितनी आशा-आकांक्षाएँ उसके हृदय के हर कोने में मचलने लगती हैं। हमारे देश के प्रखर स्वतंत्रता संग्राम ने राष्ट्र में जहाँ एक ओर प्रचण्ड आत्मविश्वास जगाया, वहाँ दूसरी ओर भविष्य के प्रति गहन आस्था भाव भरे, उत्साह को भी जन्म दिया। राष्ट्र बहुमुखी विकास के 'पंथ पर अग्रसर हुआ- औद्योगिक, तकनीकी, शिल्पविद्या, व्यवसाय आदि विभिन्न क्षेत्रों में नये-नये , आयामों की स्थापना हुई। इसकी एक सहज परिणति हुई, स्वाधीनता के बाद अनेक नये-नये विषयें की पत्रिकाओं के प्रकाशन के रूप में।' पराधीनता काल में पत्रकारिता का जो आदर्श था, वह टूटने लगां, उसकी तेजस्विता धूमिल हो चली। इसी को लक्ष्य करके गणेश शंकर विद्यार्थी ने कहा है कि "जिन लोगों ने पत्रकारिता के पवित्र कार्य को अपना काम बना रखा है, उनमें बहुत कम ऐसे लोग हैं जो अपने चित्त को इस बात पर विचार का अवंसर देते हैं कि हमें सच्चाई "डॉ. रामचन्द्र तिवारी: पत्रिका सम्पादन कला : अपनी और सो, पू. 5 ञ्स ४ प्ाप्तण (शक 0सएफारडाप! दा साज पययों याहिए कपल जपयी भव्य सम कार दिये .. कई . रंग बदलना ठीक नहीं । इस देश में भी दुर्भाग्य से समाचार-पत्रों और पत्रकारों का यही मार्ग बनता जा रहा है- यहाँ भी अब बहुत से समाचार-पत्र सर्वसाधारण के कल्याण के लिए नहीं रहें सर्वसाधारण उसके प्रयोग की वस्तु बनते जा रहे हैं... ।* स्वातन्त्रयोत्तर वर्षों में. समाचार पत्रों का स्वरूप /काफी बदल गया है। आज इसका मूल ध्येय राष्ट्रीयता के पुनः निर्माण संबंधी तत्वों की ओर है। विशेष रूप से ये प्रवृत्तियाँ इस प्रकार हैं-देश का आर्थिक विकास, समाज का आधुनिकीकरण और प्राचीन तकनीकों को आधुनिक तकनीकों में बदलना | * साहित्यिक एवं सांस्कृतिक :. "साहित्यिक पत्र-पत्रिकाएँ राजनीति के क्षुब्य वातावरण से ऊपर उठाकर पाठकों को सांस्कृतिक स्तर पंर रसविभोर कर देती हैं। दोनों का (समाचार पत्र और साहित्यिक पत्र) अपना-अपना मूल्य है। एक बाज़ार-भाव है तो दूसरा सामान्य मूल्य। एक समुद्र की लहर की तरह ऊपर उठती है तो. दूसरी अन्तर तक पैठ कर मानस को शांत और तृप्त करती है।* आन्ब्रप्रदेश से- सांकल्य (974, हैदराबाद), आधे. (969, सिकन्दराबाद), मधुवन्ती (।964, हैदराबाद), बिहार से- विप्लव (१977, पटना), परिकल्पना (मोत्तीहारी, 4969), ज्योत्सना (4947, पटना), नारी जज गश शंकर वियर्थी का मनते- सॉ. दृष्यविहारी मिश्र की पुस्तक: हिन्दी पत्रकरिता में उद्धत, पृ. 463 ं सुकमाल जैनः भारतीय समाचार पत्नों का संगठन और प्रबन्ध, पू. 27 हिंदी साहित्य: पिछला दशक (सं. विश्वनाथ) में नरेन्द्र भानावत का लेख, दशक की मत्र-मत्रिकाएँ, पू. १70. दर ऊ व? हमिण (0 ]पाएडारडपए जगत तध65 पटना नर नाये पक पटना सगेधि पयय पलक हरियाणा से- सर्वहितकारी (१973, रोहतक), ज्ञानोदय (१976, हिसार), हिमाचल प्रदेश से- हिमाचल. सौन्दर्य (968, शिमला), केरल से- केरल ज्योति (966, त्रिरूवन्तपुरम), मध्यप्रदेश से- सप्तवर्णा (967, भोपाल), उषा (।957, इंदौर), महाराष्ट्र से- अमर चित्रकथा (970, बम्बई), राजस्थान से - लहर (१957, अजमेर), मनदर्शी (972, *फालना), तमिलनाडु से- हिन्दी प्रचार समाचार (939, मद्रास), उत्तर प्रदेश से- मनोरमा (ध924, इलाहाबाद), अरूण, हंसादेव, मनोहर कहानियाँ, (940, इलाहाबाद), माया (१929, इलाहाबाद), नीहारिका (962, आगरा), नूतन कहानियाँ (976, इलाहाबाद), साथी ((960, मुरादाबाद), सत्यकथा (974, इलाहाबाद), पं. बंगाल से- परम्परा (96, कलकत्ता), रूप-लेखा, अण्डमान निकोबार और द्वीप समूह से- द्वीप प्रभा. (973), दिल्ली से- दीवाना तेज साप्ताहिक (१965, दिल्ली), ' साप्ताहिक हिन्दुस्तान (ध950, दिल्ली), मुक्ता (960), वामा, गृहशोभा, माधुरी, सुषमा (ध959), मधु मुस्कान, आजकल, (965, दिल्ली), पाण्डिचेरी से- अग्निं शिखा (970) इनके अतिरिक्त साहित्य संदेश, आलोचना, गवेषणा, वैचारिकी, शोध-पत्रिका, शोध-भारती, पुराकल्प (वाराणसी), लोक संस्कृति (जोधपुर), कला सुमन (दिल्ली), संस्कृति (दिल्ली) आदि। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा : बिहार से- डाक्टर भाई (935, दानापुर छावनी), होम्योवाणी (970, पंटना), हरियाणा से-आयुर्वेद विकास, मध्यप्रदेश से-. स्वास्थ्य और जीवन, महाराष्ट्र से--:स्वास्थ्य और जीवन (१950, पूना), पंजाब कर जि न .? हिप्त0] (0९रप )एपाएएड़ापए इक सो पा क्या उत्तर परदे से सोग्यापियों जगत (973, हरिद्वार, आरोग्य (957, गोरखपुर), आयुर्वेद संदेश ((967, 'लखनऊ), दिल्ली से- चिकित्सक, आरोग्य संदेश (965, दिल्ली), औषध संसार (978), राजस्थान से-शुचि (969, बीकानेर), आपका स्वास्थ्य (वाराणसी), प्राकृतिक जीवन (लखनऊ), धन्वंतरि (अलीगढ़), चिकित्सक (दिल्ली) विज्ञान पत्रकारिता : मध्यप्रदेश से, वैज्ञानिक महाराष्ट्र-से वैज्ञानिक, बम्बई, दिल्ली से विज्ञान प्रगति (१952),' विज्ञान. लोक, विज्ञान जगत, लोक विज्ञान, आविष्कार, विज्ञान डाइजेस्ट, बालस्पूतनिक, (१965) . विज्ञान वैचारिक, विज्ञानदूत, विज्ञान भारती | ः खेल पत्रकारिता : 4960 से ही खेल पत्रकारिता की शुरूआत मानी जाती है। आज शायद ही कोई ऐसा दैनिक, साप्ताहिक मासिक होगा जो खेलकूद से संबंधित सामग्री न देता हो। नवभारत टाइम्स में शुरू-शुरू में एक-आध कॉलम पर खेल समाचार छप जाया करता था पर बाद में लोगों की रूचि देखकर पूरा एक पृष्ठ इसके लिए निर्धारित कर दिया गया। राजधानी से प्रकाशित होने वाले दैनिक हिन्दुस्तान के अलावा उत्तरप्रदेश राज्य से निकलने वाले आज, स्वतंत्र भारत, दैनिक जागरण तथा राजस्थान से प्रकाशित होने वाले राष्ट्रदूत, दैनिक नवज्योति, _ भास्कर, राजस्थान पत्रिका, मध्यप्रदेश ये नई दुनिया, नवभारत और अन्य राज्यों से प्रकाशित होने वाले दैनिकों में इसे काफी हक कसम, 00 छा0] (0९ए0)0पापारडाए स्थान मिलने येगा हा सगे सकग्रासदि कद सकल लगा है। "उसमे समय सुशील , आनंद 'चीक्षित, शिवशंकर सिंह, केशव झा, अजमत हाशमी, सुरेश गावड़े, अशोक कुमार मुखर्जी जैसे खेल लेखकों .का नाम गिना जा सकता है।' धर्मयुग, साप्ताहिक हिन्दुस्तान,

दिनमान ने भी अनेक खेल विशेषांक निकाले | जैसे-ओऑलम्पिक विशेषांक, क्रिकेट विशेषांक, एशियाई खेल विशेषांक, । साथ ही इनमें स्थायी खेल स्तम्भ भी आंते थे। इनमें हरिमोहन शर्मा, प्रमोदशंकर भट्ट, योगराज थानी, देवेन्द्र भारद्वाज, अजयकूमार भूषण, सरहिन्दी, प्रशांत कुमार, सुशील कुमार दोषी, नरोत्तम मित्र, अरविन्द 'लवकरे आदि लेखक सामने आये। आजकल तो बाल-पत्रिकाओं में भी खेल-कूद से संबंधी सामग्री छपने लगी हैं, ताकि बच्चों में शुरू से ही खेल के प्रति रूझान पैदा हो | 'खेल-खेल (976, जालन्धरे), क्रीड़ा जगत (जयपुर से पाक्षिक), भारतीय कुश्ती, क्रिकेट सम्राट (929, दिल्ली), खेल-खिलाड़ी ((970, दिल्ली), खेल सम्राट (976), स्पोर्ट्स वर्ल्ड (976), क्रीड़ालोक (976), स्पोर्ट्स सिटी (१973), खेल भारती आदि काफी लोकप्रिय हैं। उद्योग व्यवसाय पत्रकारिता : बिहार से- उद्योग बन्धु (974, पटना), ग्राम श्री (959, बम्बई), महाराष्ट्र-जागृति (ध956. बम्बई), खादी ग्रामोद्योग, (954, बम्बई), उद्यम (954, नागपुर), उत्तरप्रदेश- अलीगढ़ उद्योग समाचार (978), व्यापार संदेश, उद्योग विकास, इंदौर सै- भावताव, पश्चिम बंगाल से- इंडस्ट्रियल गजट, . दिल्ली. से- «व्यापार .. उद्योग समाचार (974), स्टेशनरी टाइम्स (दिल्ली), सुपर .बाजार पत्रिका, (दिल्ली), आर्थिक कस कर छण (0288) पा४रडाए कह जगत, उत्पादकता, योजना सम्पदा बाल संबंधी पत्रिकाएँ प्रकाशित हो रही हैं | फिल्म पत्रकारिता : दैनिक पत्रों ने आरंभ में तो फिल्मों के प्रति उपेक्षा का बर्ताव किया, पर शनैः-शनैः इसमें भी फिल्मी पत्रकारिता को महत्व मिलता गया। "नवभारत टाइम्स' ने आरंभ से ही फिल्मी पत्रकारिता को स्थान दिया। 'हिन्दुस्तान' ने प्रारंभ में थोड़ी सामग्री दी पर बाद में उसने भी सप्ताह में एक बार एक पृष्ठ फिल्मी समाचारों पर देना शुरू किया। इस तरह धीरे-धीरे वीर प्रताप, पंजाब केसरी, हिन्दी मिलाप, आज, 'नवजीवन, स्वतंत्र भारत, नवभारत, जागरण, नई दुनिया, राजस्थान पत्रिका, दैनिक नवज्योति, भास्कर आदि ने फिल्मों से संबंधित सामग्री का प्रकाशन शुरू कियां। सरिता एकमात्र ऐसी पत्रिका है जिसने शुरू से ही श्रेष्ठता के आधार पर फिल्मों के वर्गीकरण की परिपाटी आरंभ की। धीरे-धीरे साप्ताहिक हिन्दुस्तान, धर्मयुग, जैसे साप्ताहिकों ने भी फिल्मी जगत पर गंभीर सामग्री देना शुरू की। हिंदी पाठकों में फिल्मों के प्रति रूझान तो था ही, साथ ही फिल्मों ने भी राष्ट्र-निर्माण में अपनी भूमिका अदा करनी शुरू की। सरकार ने भी इसे प्रोत्साहन दिया। कुछ अखबार तो सप्ताह में एक फिल्म संस्करण भी निकालते हैं। जैसे-पंजाब केसरी, हिन्दी मिलाप, तथा वीर प्रताप, आदि आज कई साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक प्रमुख फिल्मी पत्र-पत्रिकाएँ निकल रही हैं। जैसे महाराष्ट्र से -उर्वशी (959, बम्बई), रजनीगंधा (975, बम्बई), चित्रावली (959, बम्बई), चित्रा, माधुरी (965, बम्बई), रस नटराज (983, बम्बई), राजस्थान से- सिनेपत्र (974, अजमेर), 26 (9 छात0] (0४ ]0प४रार5ाप या सिम किस सदर तन मरठ रिया -- समाचार, रे फिय्म ससा संसार (१970, ए), बंगाल से- सिने एडवांस (97।, कलकत्ता), स्क्रीन (960, कलकत्ता), दिल्ली से- छायाकार (१976, दिल्ली), चित्रलेखन (948, दिल्ली), फिल्म रेखा (968), फिल्मी. संजोग (976), मनोरंजन, मेनका, नव-चित्रपट (१947), प्रिया (962), रंगभूमि (१947), युगछाया (१977), सिने दर्पण (979, दिल्ली), मायापुरी (974, दिल्ली), फिल्मी दुनिया (१958), ' पालकी, फिल्मी कलियाँ, (968), सिने एडवाइजर (974), फिल्मी ऐरा (979), फिल्में ही फिल्में (975), मूवी, प्रिया, सुचित्रा, राधिका आदि। बाल-पत्रिकाएं : मासिक पत्रों के अतिरिक्त साप्ताहिक पत्रों में बाल स्तम्भ के अंतर्गत सुरूचिपूर्ण सामग्री दी जाती है। बाल दिवस पर साप्ताहिक हिन्दुस्तान के बाल-विशेषांक अच्छे निकलते थे पर अब यह पत्रिका बंद हो गई है। धर्मयुग भी हमेशा बाल स्तम्भ देती थी। इसी प्रकार दैनिक पत्रों में नवभारत टाइम्स, हिन्दुस्तान, आज, नई दिल्ली, विश्वमित्र, जागरण, वीर अर्जुन, राजस्थान पत्रिका, दैनिक नवज्योति, राष्ट्रदूत आदि दैनिक पत्र रविवार के दिन प्रचुर मात्रा में बाल सामग्री देते थे। दैनिक नवज्योति मयूर पंख, नाम से बालकों के लिए दो पृष्ठों की सामग्री हर सप्ताह देता है। आज बच्चों की पत्रिकाएँ काफी अच्छी तरह मुद्रित और चित्रित होकर निकलने लगी हैं । प्रमुख पत्र-पत्रिकाएँ हैं। गया न? एप्रण (0९88 ]एपाएएरिडापए कर इस किस पर या सिनिन सी इन्द्रजाल कॉमिक्स (।964, , राजस्थान से- वैज्ञानिक बालक, बिहार से- बालक . (१926, पटना), उभरते सितारे (१977, नालन्दा), किशोर, तमिलनाडु से- चन्दामामा (949, मद्रास), गुडिया (973,मद्रास), चम्पक (१968), राजा भैया (१959), बाल भारती (948), नन्दन (964), पराग (१958, आब बंद), इन्द्रजाल कॉमिक्स (दिल्ली, अब बंद), मधु मुस्कान (१960, दिल्ली), मिलिन्द (965), सुमन सौरभ (दिल्ली), बालहंस (जयपुर) । कृषि पत्रकारिता : दैनिक पत्रों में आज, नवभारत टाइम्स, अमर उजाला, देशबन्धु, नई दुनिया, नवज्योति, राजस्थान पत्रिका, राष्ट्रदूत, आदि में खेती के साप्ताहिक स्तम्भ देने शुरू हो गये हैं। नवभारत टाइम्स व हिन्दुस्तान आदि शीर्षस्थ अखबारों ने इस स्तम्भ को निरंतर जीवित रखा है। आज देश में हरित-क्रांति और श्वेत-क्रांति की बातें होती हैं। भारत में लाखों गाँवों में करोड़ों ग्रामीणों के पास ये पत्र-पत्रिकाएँ आधुनिक व नये तकनीकी ज्ञान व संदेश लेकर पहुँचती हैं। इन . पत्रिकाओं के सामने कई चुनौतियाँ हैं। विज्ञापन की कमी, कागज कीं महँगाई, रेल बस व डाक की कोई विशेष सुविधा न होना, उत्तम व रोचक सामग्री का अभाव, ब्लॉक बनाने की सुविधा न होते हुए भी आज मुख्य रूप से निम्नलिखित हैं- हिमाचल प्रदेश से-हिमाचल कृषि सूचना (१96', शिमला), पंजाब-हार्टिकल्वर बुलेटिन (१963, पटियाला), युवा रिश्मा ((975, लुधियाना), राजस्थान से- कृषि विकास (977), उत्तर प्रदेश से-कृषि क28 का. छप्तण (08 )प्ाएडार5ाप कद उन या किसानो पद फजगिफ किसान भारती. (969, नैनीताल), बिहार से- कृषक मित्र (१970, पटना), जामीण दुनिया, सेवा ग्राम, गौ-संवर्द्धन, कृषि चयनिका, भू--भारती, खेत और

किसान, खेती, कृषि-दर्शन, धरनी, चौपाल, गाँव की बात, कृषक क्रांति, देहाती आदि | एक मूल्यांकन : स्वतंत्रता के बाद बड़ी तीव्र गति से पत्र-पत्रिकाओं का विकास और प्रचार हुआ। इस प्रचार और विकास के मूल में परिवर्तित परिस्थितियाँ स्वातंन्‍्य भावना और अभिव्यक्ति की स्वाधीनता के मनोभाव प्रबल रहे हैं । स्वातन्‍्योत्तर वर्षो में प्रायः यह धारणा प्रबल हुई है कि लेखकीय अभिव्यक्ति पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा सकता। लेखकीय स्वाधीनता और अभिव्यक्ति की निर्भीकता प्रेरक स्वाधीनता ने अनेक दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक पत्र-पत्रिकाओं को जन्म दिया। यदि दैनिक पत्रों को लें तो स्पष्ट होता है कि मूलतः राजनीतिक गतिविधियाँ, दैनिक जीवन की उथल-पुथल और सामाजिक घटनाक्रम को प्रस्तुत करती हैं | ये पत्र अपने शीर्षक से सूचित कर देते हैं कि दैनिक जीवन में जो गतिविधियाँ हैं, उनमें साहित्य का स्थान अपेक्षाकृत कम है। इस कमी की पूर्ति दैनिक पत्रों के विशेषांक रविवारीय परिशिष्ट आदि से हो जाती है। ये परिशिष्ट और विशेषांक या तो वर्ष के अंत में या फिर सप्ताह के मध्य और अंत में प्रकाशित होते हैं। उ29 का. 0] (0९८४ ]0प४हारडाएए 'कइिनकियव एल हिन्दुस्तान हिन्दी का राष्ट्रीय दैनिक हिन्दुस्तान १2 अप्रैल, १936 में कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन के अवसर पर प्रकाशित हुआ। इसके प्रथम सम्पादक सत्यदेव विद्यालंकार थे। उनके बाद १946 से १963 तक मुकुटबिहारी वर्मा सम्पादक रहे। उनके पश्चात् कुछ दिनों तक हरिकृष्ण त्रिवेदी ने स्थानापन्न सम्पादक के रूप में कार्य किया और इसके पश्चात् रतनलाल जोशी सम्पादक बने । १976 में उनके अवकाश ग्रहण के बाद चन्दूलाल चन्द्रकार ने कार्यभार सम्भाला। विनोद मिश्र, हरिनारायण निगम, मृणाल पाण्डे, अजय उपाध्याय, आलोक मेहता, सटीखे पत्रकार संपादक रहे। यह दिल्‍ली के अतिरिक्त, उत्तरप्रदेश, बिहार उत्तराखण्ड, झारखण्ड राज्यों से प्रकाशित होता है वर्तमान में शशि शेखर प्रधान संपादक हैं | राज़्यों की राजधानियों में हिन्दुस्तान के अपने विशेष संवाददाता व कार्यालय संवाददाता नियुक्त हैं जो कि अपने-अपने जिलों के समाचार भेजते हैं। पत्र विभिन्‍न भारतीय संवाद समितियों की सेवाएँ भी लेता है। यह दैनिक पत्र ए.आई.एन.ई.सी. /आई.ई.एन.एस./ए.बी.'' का सदस्य है। हर रविवार को इसके रविवारीय परिशिष्ट में विशेष आवरण कथा, सृजन, परिवार, कहानी, वातायन, कसौटी आदि प्रमुख भाग बेंटे हुए हैं जिनके अंतर्गत कहानी कला, कविता, संस्कृति, विज्ञान, *ैटआई.एनई.सी.-ऑल इण्डिया न्यूजपेपर्स एडीटर्स कॉन्फरेस ई.एन.एस.- इष्डियन एण्ड ईंस्टर्न न्यूजपेपर्स सोसाइटी ऑडिट आफ सरक्यूलेशन लिमिटेड 30 खा. छापण (0९88) किया से सात सन, गियोपियागी उया पाता जि प्रकाशित होते हैं। हिन्दुस्तान सप्ताह के हर वार को कोई न कोई स्तम्भ निकालता है, जैसे, रविवार को रविवारीय परिशिष्ट के अतिरिक्त खुला मंच, मनोरंजन (सिनेमा से संबंधित), सोमवार को (नारदजी खबर लाये हैं) खबरनामा मंगलवार को लोकवाणी, खेल संसार, बुधवार को स्वास्थ्य और विज्ञान, गुरूवार को. कला-संस्कृति, शुक्रवार को "उपभोक्ता, शनिवार को नई पीढ़ी आदि। इस प्रकार के स्तम्भ के जरिए यह सभी वर्गों के लोगों की जिज्ञासा को सहज ही शांत करता है। इसके रविवारीय परिशिष्ट का प्रथम व अंतिम पृष्ठ रंगीन होता है। हिन्दुस्तान हर शनिवार को रंगोली नामक चार प्‌ष्ठीय रंगीन परिशिष्ट निकाल रहा है जो कि पूर्णतया फिल्मों पर आधारित होती है। इसके अलावा प्रतिदिन रंगीन फीचर पृष्ठ रंग-तरंग में दिलचस्प और दुर्लभ जानकारियाँ दी जा रही हैं। जैसे खेल खिलाड़ी की दुनिया, नई पीढ़ी के लिए शिक्षा, कैरियर, प्रतिभाशाली चेहरों से पहचान, सेहत से जुड़ी समस्याएँ और समाधान के तरीके, सिनेमा व टी.वी. से. जुड़ी अन्तर्कथाएँ, _ महिलाओं. का. घर. संसार, उनकी. साज-सज्जा, सैर-सपाटे, खरीददारी, जीवन शैली, बच्चों की दुनिया से जुड़े दिलचस्प रंगारंग लेख, चित्र कथाएँ आदि पढ़ी जा सकती हैं। *हिन्दुस्तान' की सबसे बड़ी विशेषता है कि घटनास्थल पर समाचार एकत्र करके उसे पूर्ण विवरण के साथ देना। १965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध, राजस्थान व बंगाल के शरणार्थियों के आगमन के समय हिन्दुस्तान के सम्पादक तथा संवाददाताओं ने युद्ध मोचों पर जा कर जो समाचार दिये, वे वास्तव में सराहनीय हैं और सभी दृ का. झण (008१ )पाएहारडाए यदि के प्रति प्रहसयो को फियय ही इययोस माय के मोगेदर्न में इस पत्र ने उच्च आदशों को अपने समक्ष रखा और स्वस्थ परम्पराएँ स्थापित .कीं। हिन्दुस्तान का संचालन प्रारंभ से ही राष्ट्रीय विचारधारा से ओतप्रोत लोगों के हाथ में रहा। यह स्वाधीनता आन्दोलन का ध्वजवाहक समझा जाता था। १942 के भारत छोड़ो आंदोलन में हिन्दुस्तान लगभग 6 महीने सेंसरशिप के कारण बंद रहा क्‍योंकि एक लेख पर इससे 6 हजार रूपये की जमानत मांगी गई थी। गांधीजी की प्रार्थना, भाषण, जवाहरलाल नेहरू और लौहपुरूष सरदार पटेल के ओजस्वी भाषण अविकल रूप से 'हिन्दुस्तान' में प्रकशित होते रहे। ये भाषण इस तरह से छपते थे मानो वक्ता माइक के सामने मौजूद हो। देश के स्वाधीन होने तक इसका प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रीय आंदोलन को बढ़ावा देना था। इसे महात्मा गांधी व कांग्रेस का अनुयायी पत्र माना जाता है। गांधी-सुमाष पत्र-व्यवहार को ''हिन्दुस्तान' ने अविकल रूप से प्रकाशित किया था। इसने प्रसिद्ध क्रांतिकारी यशपाल की कहानियाँ 'कई सप्ताह तक छापी थीं। कई बार यह अपनी उत्कृष्ट साज-सज्जा तथा छपाई के लिए पुरस्कृत हो चुका है। नवभारत टाइम्स "नवभारत टाइम्स' को बेनेट कोलमैन एण्ड कम्पनी ने दिल्ली से 4 अप्रैल, १947 को प्रारंभ किया। 950 में कलकत्ता और बम्बई से भी इसके संस्करण प्रकाशित किये गये, पर 4953 से कलकत्ता संस्करण बंद कर दिया गया और बम्बई संस्करण अभी भी निकल रहा है। इसके अतिरिक्त 983 में लखनऊ से, १985 में जयपुर से, १986 में पटना से भी इसके संस्करण निकले पर ये सभी बंद हो गये। इसके 32 शक एप्0] (0शह ]पाएफारडााए '्यने संम्यायक उ्यिकर दिययो ये संसद

पिया मालकिन भगेरिया, अक्षयंकूमार जैन, साहित्यकार सच्चिदानन्द हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय', राजेन्द्र माथुर, विद्यानिवास मिश्रा, सुरेंद्रप्रताप सिंह इसके सम्पादक रहे। मातादीन भगेरिया के समय में प्रसार खूब बढा। इनके सम्पादकीय काफी तीखे होते थे। 955 में अक्षय कुमार जैन जब इसके सम्पादक बने तब यह पत्र दैनिक हिन्दुस्तान से काफी पीछे था, पर इन्होंने अपने सूझबूझ से नये-नये शब्दों का प्रयोग, नये-नये विषयों का समावेश तथा नयी-नयी साज-सज्जा करके इसे आगे बढ़ाया। इस पत्र में साहित्य, संस्कृति तथा आध्यात्मिक आयोजनों को सदैव महत्व दिया जाता है। इस पत्र में चौथे पृष्ठ पर छपने वाले लेख, फीचर आदि अपनी अलग ही विशेषता लिए होते हैं। यह एक राष्ट्रीय दैनिक पत्र है। प्रारंभ से ही इसका लक्ष्य था कि किसी भी तरह अंग्रेजी दैनिकों के एकाधिकार को खत्म किया जाए और यह काम उसने पूरी निष्ठा से किया। ये पत्र आठ पृष्ठीय है और रविवार को इसकी पृष्ठ संख्या बारह होती है जिसमें यह चार पृष्ठीय रविवारीय परिशिष्ट निकालता है जिसका प्रथम व अंतिम पृष्ठ रंगीन होता है। अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रादेशिक और स्थानीय समाचारों को बिना लाग-लपेट के नियमित रूप से उचित स्थान मिलता है। यही नहीं, इसके नियमित्त कॉलम, शिक्षा, विज्ञान, आर्थिक जगत आदि से पाठकों को संपूर्ण देश की जानकारी से अवगत कराया जाता है। सभी हिन्दीभाषी प्रान्तों में इसने अपने संवाददाता नियुक्त कर रखे हैं। 33 ा.? छाण (0288 ]0रएहारडापए अमर उजाला ८: दैनिक पत्रों की लम्बी श्रृंखला में अमर उजाला का भी अपना स्थान है। यह आगरा, बरेली, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर के अतिरिक्त लखनऊ, बनारस, गाजियाबाद, चण्डीगढ़, जलांधर, लुधियाना, शिमिला, जम्मू से प्रकाशित होता है। इसका प्रकाशन व सम्पादन 4948 में डोरीलाल अग्रवाल और मुरारीलाल माहेश्वरी के सम्पादकत्व में प्रारंभ हुआ। रोजाना इसका पाँचवाँ पृष्ठ रंगीन आभा लिए प्रकाशित होता है तथा अपने कलेवर में विभिन्न प्रकार की सामग्री का संकलन लाया जाता है, जैसे रविवार को कारोबार से संबंधित सामग्री, सोमवार को 'छोटा पदों, (सिनेमा से संबंधित), मंगलवार को बच्चों का कोना, बुधवार को घर, खेल, गुरूवार को कारोबार, शुक्रवार को झरोखा, शनिवार को कारोबार आदि। रविवारीय अंक में कुछ स्तम्भ और होते हैं, जैसे स्वास्थ्य चर्चा, काव्य सरिता, बच्चों का कोना आदि क्योंकि इस रोज साप्ताहिक परिशिष्ट अलग से निकलता है। रविवार को अमर उजाला किंचित परिवर्तित रूप लेकर सामने आता, है। उसमें नित्य प्रकाशित होने वाले स्तम्भ तो होते ही हैं, अलग से 4 पृष्ठ विशेष साज-सज्जा लिए प्रस्तुत होते हैं। ये इसके 'रविवारीय परिशिष्ट के नाम से निकलते हैं। इस परिशिष्ट में लाल और काले दोनों रंगों के शीर्षक होते हैं तथा साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक सामग्री से यह भरा होता है। इसके पहले पृष्ठ पर साहित्यिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक लेखमालाएँ होती हैं। दूसरे उ34 छा. हण (एशहप्र पएपाएगरडापएं पूरक प्रकारिक उच पव है तो उपाय पर पर विन प्रकार की कविताएँ, गजलें आदि प्रकाशित होती हैं। ये कविताएँ दो कॉलम में रहती' हैं। तीसरे ही पृष्ठ पर बच्चों .को कोना प्रकाशित होता है। "बच्चों को कोना' में कुछ कविताएँ, कहानियाँ, चुटकुले, पहेलियाँ तथा 'एक रेखांकित कॉमिक्स प्रकाशित होते हैं। चतुर्थ पृष्ठ फिल्मी मसालों से भरा रहता है। इसमें कुछ सफल अभिनेताओं, अभिनेत्रियों सफल व सर्वोत्तम फिल्मी गानों आदि की रोचक चर्चा होती है। दैनिक जागरण : कानपुर से दैनिक जागरण का प्रारंभ 4947 में पूर्णचन्द्र गुप्त ने किया, था कानपुर के अलावा यह पत्र गोरखपुर, लखनऊ, वाराणसी, झाँसी, मेरठ, आगरा, बरेली, नई दिल्ली, पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, रांची, जमशेदपुर, धनबाद, चण्डीगढ़, लुधियाना, जलांधर, जम्मू, शिमला धर्मशाला से भी ,निकल रहा है। यह पृष्ठ सभी के लिए उपयोगी बनाया गया है जो हर वार को अपना अलग ही शीर्षक देकर लेख आदि प्रकाशित करता है, जैसे, सोमवारः कला-संस्कृति, मंगलवार: खेलकूद, बुधवारः महिला, गुरूवारः फिल्म, शुक्रवार: टेलीदर्शन, शनिवार: बाल क्लब, रविवार: सप्तरंग | इसके अतिरिक्त साप्ताहिक परिशिष्ट में कहानी, कविता, आदि प्रकाशित किये जाते हैं। 35 0? छाए (0एर४ पा पाएएारडाग "न फलवकेसले जाब लाला जगतनारायण ने 4965 में जलांधर से पंजाब केसरी दैनिक पत्र की नींव डाली। यह दिल्ली, धर्मशाला, शिमला से भी प्रकाशित होता है। पंजाब केसरी स्वतंत्र नीति का समर्थक है | सन्मार्ग १48. अप्रैल, 4948 को सनातन धर्म के प्रसिद्ध संत स्वामी 'करपात्रीजी के आर्शीवाद से सन्मार्ग का प्रकाशन वाराणसी में हुआ। अनन्त: मिश्र तथा चन्द्रशेखर शास्त्री भी इस पत्र के सम्पादक रहे हैं। कुछ समय तक इसके सम्पादक आनन्द बहादुर सिंह रहे। इनके बाद सम्पादक बी.एस.गुप्त ने और बाद में रामअवतार गुप्त ने कार्यभार संभाला | इस पत्र का मूल उद्देश्य सनातन धर्म के स्वरूप की रक्षा करना तथा हिन्दू धर्म के प्रति लोगों में चेतना व जागृति की भावना भरना रहा है। राजनीतिक समाचारों के साथ-साथ "सन्मार्ग' ने भाषा, साहित्य और संस्कृति की परम्परा को सामने लाने में भी भरपूर योगदान दिया। अखिल भारतीय धर्म संघ इसका संचालन करता है। इसके स्थायी स्तम्भ सुनो भाई साधे (व्यंग्य चित्र), श्री रामचरित्र मानस, 'लस्टम-पस्टम, आदि हैं । प्रसार काफी कम है। विश्वमित्र १९6 में हिन्दी समाचार-पत्रों की जननी बंगभूमि कलकत्ता से एक हिन्दी पत्र ने और जन्म लिया, वह था विश्वमित्र। इसके 36 सर पद या पगयाल थी एस पति पक पास यर 0पाएछारडापार जन्मदाता बाबू मूलचंद अग्रवाल थे। इन्होंने अपने अथक प्रयास कठिन मेहनत से इस पत्र को सींचा। यह बम्बई, कलकत्ता, पटना, कानपुर से प्रकाशित हुआ। इसका बम्बई संस्करण १942 व कानपुर संस्करण 948 से शुरू हुआ। कृष्णचन्द्र अग्रवाल काफी समय तक सम्पादक रहे। इसके बाद सम्पादक सुन्दरलाल त्रिपाठी बने । मारवाड़ी क्षेत्रों में विशेष रूप से यह पत्र लोकप्रिय था। दैनिक विश्वमित्र के स्थायी स्तम्भों में सबके दाता राम,

कलकत्ते की हलचल, रमता योगी लोकप्रिय था। अब यह पत्र बंद हो गया है। ब नई दुनिया स्वतंत्रता के प्रभात से कुछ ही मास पूर्व 5 जनवरी, १947 को नई दुनिया ने जन्म लिया। इसका जन्म श्री कृष्णचन्द्र मुद्गल तथा श्री कृष्णकांत व्यास के प्रयत्नों से हुआ। आज की नई दुनिया जिस रूप में हमारे सामने है, वह उसका शीर्ष और प्रौढ़ रूप है। पहले अपने प्रारंभिक रूप में वह एक छोटा सा सांध्यकालीन दैनिक पत्र था। मध्यप्रदेश के गठन के पश्चात् नई दुनिया का प्रकाशन रायपुर एवं जबलपुर से ही प्रारंभ हुआ, पर 497 में ये दोनों संस्करण बंद कर दिये गये। १967 में नई दुनिया ने अपना मुद्रण ऑफसेट रोटरी मशीन पर प्रारंभ किया। इस प्रकार की मशीन भारत में पहली बार नई दुनिया के पास ही आई। यही नहीं, नई दुनिया को इस बात का भी श्रेय प्राप्त है कि इसने सर्वप्रथम संपूर्ण मध्यप्रदेश में पहला टेलीप्रिंटर स्थापित करके वैज्ञानिक और तकनीकी पत्रकारिता की शुरूआत की | यह पत्र केवल मध्यप्रदेश का ही पत्र नहीं. है वरन् साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों का संगम है। देश के प्रसिद्ध गत न छप्तण (0एर४ ]पाएएफिडापा 'सॉहिलिकोर कया विदान जिनमे परिय जोगी जे उयग स्लराज वेदप्रताप वैदिक, श्याम व्यास, मदनमोहन मदारिया, रणवीर सक्सेना, प्रभाष जोशी, विष्णु खरे, बालकवि बैरागी आदि प्रमुख हैं जो नई दुनिया से किसी न किसी रूप से जुड़े रहे है। इंदौर से. प्रकाशित नई दुनिया सोलह पृष्ठीय समाचार प्रधान समसामयिक दैनिक था। इसके सम्पादक बाबू राव विष्ण पराड़ेर, राहुल बारपुते, राजेन्द्र माथुर रहे। १988 से भोपाल से भी इसका संस्करण निकलने लगा। नवभारत मध्यप्रदेश का लोकप्रिय दैनिक नवभारत सर्वप्रथम नागपुर से 4938 में प्रकाशित छुआ। मायाराम सुरजन इसके प्रथम सम्पादक होकर आये। इनके बाद. कालका प्रसाद दीक्षित, मदनलाल माहेश्वरी, रामगोपाल माहेश्वरी इसके सम्पादक बने। १950 में जबलपुर से, ।956 से भोपाल से, १959 में रायपुर से और 960 में इंदौर बिलासपुर से भी इसके संस्करण निकले स्वदेश 4966. की विजयादशमी को इंदौर से दैनिक हिन्दी स्वदेश प्रकाशित हुआ। १97। में ग्वालियर से भी निकलने लगा। इंदौर संस्करण के प्रथम सम्पादक गंगाप्रसाद शर्मा थे फिर सत्यव्रत रस्तौगी रहे। माणिकचंद वाजपेयी और जयकृष्ण गौड़ लंबे समय समय तक 38. का? एपण (0एहाप ]0पाएएारडाएग कद का यदयतर यपनो संसयादिता के कारन या या कहें कि शासन विरोधी नीतियों के कारण दो बार बंद हो चुका है। वर्तमान में संपादक श्री शक्ति सिंह परमार है। राजस्थान पत्रिका दैनिक राजस्थान पत्रिका प्रमुख समाचार-पत्रों में गिना जाता है। कर्पूरचंद कुलिश ने 7 मार्च, 4956 को सायंकालीन दैनिक के रूप में जयपुर से शुरू किया और यह दैनिक 956 से 96 तक सायंकालीन दैनिक के रूप में ही चलता रहा। पहले यह चार पृष्ठ का दैनिक था। आज यह 46 पृष्ठीय अखबार है। राजस्थान में राजस्थान पत्रिका पहला. अखबार है जिसने छपाई में स्टीरियो, रोटरी मशीन का प्रयोग शुरू किया। यही नहीं, इसी ने पहली बार राज्य के मुख्य-मुख्य शहरों को टेलीप्रिन्टर लाइन से जोड़ा। राजस्थान पत्रिका ने ही पहली बार सीधे ब्लॉक बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मशीन मंगवाई और इसी ने लाइनों कृम्पोज शुरू किया। भारत में प्रथम बार इसी पत्र ने फेसीमल फोटो शुरू की। यह फेसीमल फोटो १9 नवम्बर, 982 को एशियाड खेल से शुरू की गई। इसकी सेवा जयपुर, उदयपुर व दिल्ली को प्राप्त हुई। राजस्थान पत्रिका पत्रों की स्वतंत्रता का पूर्ण समर्थक है। यही कारण था कि 3 सितम्बर, 4982. को इसने बिहार प्रेस बिल के विरोध. में पूर्ण हड़ताल रखी और 4 सितम्बर को अपना कोई भी अंक नहीं निकाला। राजस्थान पत्रिका की पाद्य-सामग्री भी इस प्रकार की है जो अन्यत्र देखने को नहीं मिलती। अब यह 8 राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदा, छत्तीसगढ़ कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित होता है और इसके 37 संस्करण हैं । 39 .? 80] (0९209 )पाएछारडार "कक दिल्ली से निकलने वाले वीर अर्जुन का जन्म 954 में हुआ। यह एक छोटा-सा चार पृष्ठीय दैनिक समाचार-पत्र था, पर वर्तमान में यह 8 पृष्ठ का है। किसी जमाने में महाशय कृष्णजी की लौह लेखनी इसमें आग उगलती थी। आज प्रसार संख्या नगण्य है। स्वंतत्र भारत स्वतंत्र भारत का १५ अगस्त, 947. को अशोकजी के सम्पादन में लखनऊ प्रकाशन शुरू हुआ। वे 4947 से 953 तक इसे संवारते रहे और इसके बाद वह भारत सरकार में आ गंये। योगिन्द्रपति त्रिपाठी इसके सम्पादक बने और 497 तक रहे। भारत सरकार से सेवान्त्ति अं पर अशोकजी पुनः 972 में इसके सम्पादक बन गये और 978 तक इस पत्र को विभिन्न प्रकार की सामग्री देकर इसके स्तर को बढ़ाते. रहे। जनवरी, १979 में इसके प्रधान सम्पादक डॉ. के.पी. अग्रवाल व सम्पादक शिवसिंह सरोज बने। उत्तर प्रदेश में स्वतंत्र भारत का अच्छा प्रभाव था। यह पायोनियर प्रेस, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित होता था। आज प्रसार संख्या नगण्य है| आज सर्वप्रथम आज कलकत्ता से शिवप्रसाद गुप्त ने 5 सितम्बर, 920 को आरंभ किया और प्रकाशजी इसके प्रथम सम्पादक बने । बाद में इसके प्रधान सम्पादक प्रसिद्ध पत्रकार पं. बाबूराव विष्णु पराड़कर बने। +924 से लेकर १3 अगस्त, 4942 तक पराड़करजी 'आज' के 240 ह.? छा0] (0४ ]एपा४8१5777 'ृयोन सेम्यायक रा ने योनि परी में पदक ये इसके मय्यय से पत्रकारिता का मानदण्ड तो स्थापित किया ही साथ ही हिन्दी पत्रकार कला को नई गति व नई दिशा प्रदान की। आज में प्रकाशित पराडकरजी व कगलापति के अग्रलेखों ने असंख्य पाठकों को प्रभावित कर इसे हिन्दी का श्रेष्ठ दैनिक बना दिया। इसकी लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि आज संस्करण कानपुर (१975), पटना (979), गोरखपुर (980), रौंची (984), आगरा (986), 'लखनऊ (989), जमशेदपुर (989), ग्वालियर वाराणसी से शुरू हुए। अब यह अंतिम सांस ले रहा है। दैनिक भास्कर "दैनिक भास्कर' विश्वम्भर दयाल अग्रवाल द्वारा नोबल प्रिंटिंग प्रेस, इब्राहिमपुरा,

भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित होता था। इसका सर्वप्रथम प्रकाशन १958 में हुआ। पहले इसके सम्पादक काशीनाथ चतुर्वेदी थे, बाद में इसके प्रधान सम्पादक महेशचन्द अग्रवाल रहे। यह आठ पृष्ठीय दैनिक आठ कॉलम में विभक्त था। दैनिक भास्कर का प्रकाशन भोपाल (958), ग्वालियर (967), इंदौर (१985), से शुरू हुआ। यह मध्यंप्रदेश के अतिरिक्त छत्तीसगढ़, राजस्थान, झारखण्ड, बिहार, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू, महाराष्ट्र से प्रकाशित होता है। उनका का. 8त्रण (0९ ]एपापछाराप युगधर्म १95। में नागपुर से युगधर्म दैनिक का प्रकाशन हुआ। यह पत्र नरकेसरी मुद्रणालय, नागपुर से प्रकाशित होता है। 4956 में जबलपुर से और 4972 में रायपुर से भी यह प्रकाशित होने लगा। प्रधान सम्पादक भगवती प्रसाद वाजपेयी रहे। ओम प्रकाश: सिंह; रमेश नैयर, बबन प्रसार मिश्रा, राघेश्याम शर्मा, प्रमुख संपादकों में शामिल थे। अब यह पत्र बंद है। नवजीवन नेशनल हैराल्ड (अंग्रेजी) व कौमी आवाज (उर्दू की प्रकाशन संस्था दि. एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड ने आजादी के उषाकाल में 'लखनऊ से नवजीवन दैनिक का सर्वप्रथम 947 में प्रकाशन किया। यह कांग्रेस नीति का समर्थक था। शुरू से ही अनेक वरिष्ठ नेताओं का इस पर वरहस्त रहा है, जैसे पं. जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इन्दिरा गांधी, डॉ. युद्धवीर सिंह, उमाशंकर दीक्षित आदि । यह आठ पृष्ठ का दैनिक था। कोई विषय ऐसा नहीं है जो इससे अंछूता हो। नेशनल, हैराल्ड, के.एम. चलपतिराव जैसे प्रमुख सम्पादकों और पत्रकारों का पूर्ण ... सहयोग नवजीवन को मिलता... रहा। अब यह बंद है| प्रदीप सर्चलाइट प्रेस, पटना से प्रकाशित वैनिक प्रदीप काफी लोकप्रिय था। बिहार ज़र्नल्स लिमिटेड ने १5 अगस्त 947 को प्रदीप. के प्रथम उबर पकसपिय फीसद नाम फायर मो 7 छाए] (0९27) 0पराएहाराए न झंक का, प्रकाशन । 'समय अं का भी प्रकाशन हुआ। बाद में सर्चलाईट द हिन्दुस्तान टाइम्स और प्रदीप दैनिक हिन्दुस्तान के रूप में प्रकाशित होनें लगा। वीर प्रताप पंजाब से प्रकाशित हिन्दी पत्रों में 'वीर प्रताप' काफी लोकप्रिय था। 26 जनवरी, 4955 को पंजाब से दैनिक वीर अर्जुन का प्रकाशन हुआ, पर यही. वीर अर्जुन १958 में परिवर्तित होकर वीर प्रताप हो गया। यह जयहिन्द प्रिण्टिंग प्रेस, जालन्धर से वीरेन्द्र ललित मोहन व 'चन्द्रमोहन द्वारा मुद्रित व प्रकाशित होता था। तरूण भारत लखनऊ से दैनिक तरूण भारत का प्रकाशन 974 में हुआ। यह 'विनोदचन्द ' माहेश्वरी द्वारा राष्ट्रधर्म प्रकाशन लिमिटेड, स्वंदेश. प्रेस से मुद्रित एवं प्रकाशित होता था। 'देशबन्धु नवभारत, जबलपुर संस्करण के सम्पादक मायाराम सुरजन ने अपने अथक परिश्रम से 959 में रायपुर से देशबन्धु का प्रकाशन किया। यह रायपुर, बिलासपुर, जबलपुर, भोपाल और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित हो रहा है। उब3 ९ छाए (0९8 ]पाएहारडाप जनसत्ता १952 से 954 तक स्व. इन्द्र विद्यावांचस्पति एवं श्री वैंकटेश नारायण तिवारी के सम्पादन में चल कर बंद हो गया। इण्डियन एक्सप्रेस. ' प्राइवेट लिमिटेड ने 47 . नवम्बर, 4983 को दिल्ली से जनसत्ता हिन्दी दैनिक का प्रकाशन पुनः कियां। यह दैनिक 2 पृष्ठीय समसामयिक समाचार पत्र है। रविवार को. यह अपना रविवारी नाम से परिशिष्ट निकलाता है। यह चण्डीगढ़ से भी प्रकाशित होता है। रायपुर व लखनऊ संस्करण अब बंद हो गये। राष्ट्रीय सहारा 45 अगस्त, 499। को नई दिल्ली से इसका प्रकाशन आरंभ हुआ। शुरू में ही 46 पृष्ठों के साथ प्रकाशित होने वाले हिन्दी का यह पहला समाचार पत्र है। साथ ही यह पहला हिन्दी 'उमंग' दैनिक है जो प्रतिदिन चार रंगीन पृष्ठ प्रकाशित करता है। यह 'हस्तक्षेप' नांम से अपना विशेष परिशिष्ट भी निकलता है। इसका प्रकाशन सहारा इण्डिया समूह के अधीन सहारा इण्डिया मॉस कम्यूनिकेशन ने प्रारंभ किया।. १6 फरवरी, १992, से इसका एक संस्करण लखनऊ से भी प्रकाशित हो रहा है। यह पटना और देहरादून से भी प्रकाशित हो रहा है। वित्तीय कमी के कारण इसकी स्थिति काफी खराब है। उकव भा. प्प0] (088 ]एपा४राा (ख) साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक पत्र-पत्रिकाएँ : साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक पत्र-पत्रिकाएँ : धर्मयुग : धर्मयुग का प्रथम अंक १950 में बम्बई में प्रकाशित हुआ। यह टाइम्स ऑफ इण्डिया द्वारा प्रकाशित की जाती थी। प्रथम सम्पादक प्रसिद्ध साहित्यकार इलाचन्द्र जोशी थीं। प्रमुख सम्पादकों में हेमचन्द्र जोशी, सत्यदेव विद्यालंकार, धर्मवीर भारती, गणेश मंत्री शामिल है। धर्मयुग ने हरेक सम्पादक के काल में एक नया मोड़ लिया यह पत्रिका निरंतर देश व साहित्य को नई दिशा देती हुई आगे बढ़ती रही । केवल भारत ही नहीं, दुनियाभर में हिन्दी भाषी लोगों में यह विशेष प्रिय थी। व्यावसायिक- साप्ताहिक होते हुए भी. यह एक, साहित्यिक व सांस्कृतिक पत्रिकां के रूप में पाठकवर्ग में विशेष लोकप्रिय रही। इसने अनेक नये-नये लेखकों को तो जनम दिया ही, इसके अतिरिक्त यह पाठकों को साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक सामग्री प्रदान करती रही। इस पत्रिका की एक सबसे बड़ी विशेषता यही थी कि जैसी जनरूचि होती थी वैसी ही यंह पाठकों को सामग्री देती थी | पहले यह पत्रिका साप्ताहिक थी, पर जुलाई, 990 से यह पत्रिका पाक्षिक हो गई थी। साज-सज्जा से भरपूर बहुरंगी यह पत्रिका 60-75 पृष्ठ की और - तीन तथा चार . कॉलमों में इसकी सामग्री होती थी। इसका प्रस्तुतिकरण उत्कृष्ट था। मुख्य पृष्ठ रंगीन, पारदर्शी, मन को मोहने वाला, 'ताजा घटनाओं के चित्रों से सजा रहता था। इसी मुख्यपृष्ठ पर 45 .? 80] [088 ]एपाएहारडाएए नि कय् से संकित योविरण कया सवा थी उसमे गन रखकन चित्र बिंधित आवरण कथा । व सादे चित्र तो घटनाओं को प्रदर्शित करते हुए मुद्रित होते थे, साथ ही पैनापन लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व्यंग्य-चित्र भी होते थे। उपन्यास व कहानियों में विविध मनःस्थितियों को चित्रित करने वाले चित्र रहते तो बच्चों के पन्नों पर बच्चों के मन का छूने वाले चित्र कथानक रहते थे। साप्ताहिक उपन्यास, कहानी, लेख, निबन्ध, साक्षात्कार, संस्मरण, रिपोर्ताज आदि के साथ-साथ घूमता आइना, खबरों के आगे-

पीछे, देश-देशांतर, हास-परिहास, मुस्कान, बात-बतंगड़, उड़ते-उड़ते, दूसरी आवाज, युवाओं के लिए तरूण मंच, आपकी लेखनी, सुर्खियों के पीछे, व्यंग्य चित्रकथा, ढब्बूजी तथा बच्चों के लिए चित्रकथा इसके. स्थाई स्तम्भ थे । साप्ताहिक हिन्दुस्तान : हिन्दुस्तान टाइम्स लि. द्वारा प्रकाशित साहित्यिक व सांस्कृतिक पत्रिका साप्ताहिक हिन्दुस्तान का प्रथम अंक 2 अक्टूबर, 950 को निकला था। राजधानी से प्रकाशित होने वाले साप्ताहिकों में यह प्रमुख साप्ताहिक पत्र था। इसके प्रथम सम्पादक मुकूटबिहारी वर्मा थे। उनके बाद इसके सम्पादक बाँकेबिहारी भटनागर बने। अपनी लगन, निष्ठा व मेहनत से इन्होंने साप्ताहिक हिन्दुस्तान को लोकप्रिय बनाया। उस समय के सभी प्रसिद्ध साहित्यकारों, लेखकों, कवियों का जितना सहयोग ले सकतें थे, उन्होंने लिया। इन्होंने अनेक, विशेषांक निकाले जो. काफी लोकप्रिय हुए। भटनागरजी के बाद इसके सम्पादक शव न न हा ५? सा (0९१ )एराशरारडापार थ....ल..असरू.जजनजरूऊ मुन्झुनवाला और मृणाल पाण्डे भी संपादक रहें | 56 से 64 पृष्ठ का यह साप्ताहिक तीन और चार कॉलम में विभकत होता था। साप्ताहिक हिन्दुस्तान .का सम्पादकीय प्रमुख रूप से राष्ट्रीय होता था जिसमें सम-सामयिक समस्याओं, राजनीति, अर्थनीति की चर्चा होती थी! इसका आवरण पृष्ठ . बहुरंगी चित्र लिये आकर्षक होती ,थी। मुख-पृष्ठ के चित्र की कथा कलेवर में दी जाती थी। सुर्खियों में घर-घर की, व्यंग्य चित्रकथा मुख्य थे। स्थायी स्तम्भों के अतिरिक्त यह लेख, कहानी, उपन्यास, संस्मेरण, कविता तथा विशेष अवसरों पर विशेष सामग्री भी देता था। दिनमान हिन्दी जगत में साप्ताहिक पत्रों का योगदान महत्वपूर्ण है। ऐसे ही साप्ताहिकों में दिनमान का नाम सर्वोपरि था। यह वह पत्र था. * जिसने समाचार साप्ताहिकों . में नया मानदण्ड स्थापित करने का कार्य किया. था। इसका प्रारंम बहुमुखी प्रतिभा के धनी सच्चिदानंद , वात्स्यायन "अज्ञेय' के सम्पादकत्व में जनवरी, 965 में हुआ। बाद में रघुवीर सहाय काफी समंय तक इसके सम्पादक रहे और उन्होंने इसे सजाया व संवारा। कन्हैयालाल नन्दन भी इसके सम्पादक रहे। सशक्त भाषा के समाचार लिखने, उसकी पृष्ठभूमि और संबंधित प्रवृत्तियों पर बेलाग विश्लेषण. देने में यह साप्ताहिक बेजोड़ था। इसका लेखन स्तर और विचार गंभीर होते थे। इसी से यह बौद्धिक वर्ग में काफी लोकप्रिय था। सम्पादकीय सशक्त होता । इसके लेखों में " दक काला पिस पिया यार सपस मर यो .? ाण (0९४८ )पाशारजाा गकरता ऑर वियय को सूद बैठ उयी थी ये दिस आफ का प्रकाशन था और नेशनल प्रिण्टिंग वर्क्स से मुद्रित होता था। पहले यह 48 पृष्ठ का समाचार व सामयिक खबरों का महत्वपूर्ण साप्ताहिक था जिसमें चित्र, लेखांचित्र, ग्राफ तथा व्यंग्य आदि यथास्थान होते थे। दिनमान के स्थायी. स्तम्भ थे-मत और सम्मत, पिछले सप्ताह, देश-विदेश, पत्रकार . संसद, राष्ट्र, प्रदेश, समाचार भूमि, विश्व खेल और खिलाड़ी, रंगमंच, कला। आवरण दुरंगा होता. था जिस पर रंग-बिरंगा चित्र अन्दर दी गयी घटना पर आधारित होता था। यहीं नहीं, आवरण पर दिनमान में समाहित .घटनाओं को छोटे-छोटे व सशक्त शीर्षकों में भी दिया जाता था। रविवार आनन्द बाजार पत्रिका लिमिटेड का प्रकाशन रविवार साप्ताहिक 4977 में प्रकाशित हुआ। इतने कम समय में इसने. अपना स्थान अच्छे साप्ताहिकों में बना लिया था। इसके प्रथम सम्पादक एम.जे. अकबंर थे। बाद, में इसके सम्पादक उदयन शर्मा रहे। कलकत्ता से निकलने , वाली यह पत्रिका समाचार व समसामयिक विचारों कीं: संवाहिका थी। तीन कॉलम में निकलने वाली इस पत्रिका ने अपनी विषय-सूची को चार भागों में बाँट रखा था- -आमुख कथा, देश-देशान्तर, साहित्य तथा विविध । रविवार का मुखपृष्ठ दुरंगा होता था। इस पृष्ठ पर उस सप्ताह में घटित घटनाओं से संबंधित व्यक्ति का चित्र तथा मुखपृष्ठ पर आवरण कथा भी .दी जाती थी। उब8 0.2 ह0] (0? ]0पा४हारडापए "पक जपक जामिख कया मे उन किपर्यों को लिया जाता पाया कस ये जैता था जो मुखपृष्ठ से तो संबंधित होते थे, साथ ही .उस सप्ताह के मध्य चंटिंते " सामाजिक, राजनीतिक . आदि. घटनाएँ भी . होती थी। देश-देशान्तर में देश तथा विदेशों में घटित राजनीतिक खबरें और साहित्य के अंतर्गत कहानी, संस्मरण, उपन्यास, कविता और विविध में विविध प्रकार की सामग्री जैसे क्रीड़ा जगत, फिल्मी जीवन, चित्रकथा, नाटंक आदि होते थे। लगभग 40 पृष्ठ की यह पत्रिका समसामयिक कार्टून भी निकालती थी और बौद्धिक विचारणीय व मनन योग्य 'पठनीय .सामग्री प्रस्तुत करने में बेजोड़ थी। पत्र में धारावाहिक नवीन उपन्यास भी रहता था, यह अंक्टूबर, 989 को बंदं हो गई। इतवारी पत्रिका _.. राजस्थान पत्रिका से जुड़ी है इतवारी पत्रिका। राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों की विवेकपूर्ण व्याख्या . करने वाली साप्ताहिक इतवारी पत्रिका का प्रारंभिक प्रकाशन वर्ष 973 (है।. इसका. प्रकाशन 2286 के आकार में चार पृष्ठों से आरंभ किया गंयां; था | -वरिष्ठ पत्रकारों सी.एल.माथुर, गोपाल पुरोहित और डॉ. इन्दु चन्द्रशेंखर नें इसको संवारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया दो वर्ष तक राजेश रैंड्डी इसके सम्पादकीय सहयोगी रहे। कैलाश मिश्र भी इसके सम्पादक रहे | ब्लिट्ज साप्ताहिक हिन्दी ब्लिंट्ज 47 फरवरी, 962 को प्रकाशित हुआ। इसे आर.के. करंजिया ने बम्बई से प्रकाशित किया। यह पत्र अंग्रेजी उबर 2. छातण (0शदार पाधाएरारडाए सदी कहर सर हा इक ककरकरियें संस्करण है । आकोार-प्रकार व समाचारों में अंग्रेजी का अनुसरण है। इसके प्रथम सम्पादक एम.बी. मिस्री थे। उनके बाद इसके सम्पादक बने मुनीश सकसेना। इनके बाद नन्दकिशोर नोटियाल सम्पादक तथा आरके. करंजिया इसके प्रधान सम्पादक थे। हिन्दी में इस प्रकार का अन्य पत्र न होने से इसका स्थान विशिष्ट हो गंथा था। यह सनसनीखेज समाचार प्रधान साप्ताहिक था। समाचारों का संकलन जिस विशेष रंगत के साथ होता था, उसी रंगत के साथ उसका प्रकाशन करना इसकी अपनी विशेषता थी। सम्पादन भाषा और प्रस्तुतिकरण का इसका अपना अलग

संसाधनों में खोजी पत्रकारिता का एक सफल पक्ष यह है कि वह दूरदर्शन हेतु समस्त कार्यवाहियों के लिए कैमरे का इस्तेमाल करता है। कैमरा वह पहलू है जो हर क्षण दर्शकों के सामने आंखों-देखी प्रस्तुत करता है। यह तय बात है कि आंखों देखे सच को झुठलाया नहीं जा सकता है। खोजी पत्रकारिता हेतु सक्षम संवाददाता और कैमरा मिलकर क्रांति कर सकते हैं। हाल ही में रक्षा-मंत्रालय में की गई सौदेबाजी व पाकिस्तान टी.वी. पर भारत विरोधी. दुष्प्चार के सच का खुलासा खोजी पत्रकारिता के सबल पक्षों का उदाहरण है। खोजी पत्रकारिता में निम्नलिखित तथ्य प्रभावी भूमिका निभाते हैं | ०. किसी भी स्रोत की अनदेखी न करें। बहुधा नाउम्मीद वाले स्रोतों से महत्वपूर्ण लीड मिलती है। ०. कानून की परिधि की पालना आवश्यक है वरना यह परेशानी में डाल सकती है। ः *.... योजना, विवरणों, तथ्यों को साथ लेकर चलें | ०... कठिन परिस्थितियों हेतु जोश व तकनीकी की समृद्धता रखें । 324 .? 80] (0१४8 ]ए्ाएछारडाप ०... स्रोत, अध्ययन, कार्य पद्धति, दृष्टिकोण, निरीक्षण, आदि तत्व बेहद उपयोगी होते हैं। ०... ऊच्छे विश्वसनीय सूत्र जुटाएं। जन-सम्पर्क अधिकारी जैसे लोग इसमें सहायक हो सकते हैं। ०. संस्था व विभाग की रीति-नीति के अनुरूप छोटे तथा बड़े अधिकारियों से मिलकर तथ्यों की पुष्टि करें। ०. स्रोत एवं सम्पकों को निरंतर बनाए रखें। व्यक्तियों से निजी सम्पर्क व सामाजिक मेल मिलाप से खोजी पत्रकार विश्वसनीय सिद्ध होता है और मौके-बे मौके उसे काम की सूचनाएं मिलती हैं। दूरदर्शन कार्यक्रमों हेतु स्क्रिप्ट लेखन के आधार :. दूरदर्शन कार्यक्रमों की प्रस्तुति अपने संपूर्ण कलेवर में श्रमसाध्य कार्य है। देखने में कार्यक्रमों की प्रस्तुति भले ही सतही लगती हो पर अपनी संपूर्णता में यह जटिल प्रक्रिया है। दूरदर्शन कार्यक्रमों की मूल अवधारणा पहला सोपान होता है। इसके बाद अवधि के अनुरूप कार्यक्रम के निर्माण की सारी योजना तैयार की जाती है। इसमें निर्नलिखित तत्व अनिवार्य रूप से होते हैं : (0). कार्यक्रम का केन्द्रीय विषय | (2). कार्यक्रम का स्वरूप | (3) कार्यक्रम के पात्र | (4). कार्यक्रम, के पात्रों की भाषा एवं संवाद | 325 एज एक पका खाक जाए लक छपण (एरिं५ 2एपाएहारडाएर ्म् ला ककन प्रस्वुलिक उठ स्यनि यानि 7 एवं तदनुरूप प्रस्तुति | (6). कार्यक्रम-संयोजन हेतु मूल स्क्रिप्ट । (7). कार्यक्रम की सिलसिलेवार जानकारी देती वृह्नद् स्क्रिप्ट | स्क्रिप्ट वह हथियार है जिसके द्वारा कार्यक्रम रूपी युद्ध को जीता जाता है। स्क्रिप्ट में पात्र संवाद स्थिति. संयोजन आदि के पहलू सम्मिलित होते हैं। टेलीविजन चूंकि मूलतः दृश्य माध्यम है अतः इसके लेखन हेतु यह आवश्यक है कि वह दूरदर्शन की भाषा की प्रकृति को समझ सके। सुलझे स्वरूप में दूरदर्शन की लेखन शैली यह है जो अपने बिंबों से वह तथ्य प्रस्तुत कर दे जिसकी लेखक अपने मस्तिष्क में संरचना करता है। इस प्रयोजन हेतु यह ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि दृश्य संयोजन में कहीं शिथिलता न हो, अचेतन और गतिहीन स्थितियाँ न पनपने पाएं, पात्र जो बोल बोले वह दूरदर्शन में भाषायी स्वरूप में रूपांतरित हो सके। साथ ही दृश्यों की स्वाभाविक तारतम्यता भी जुड़ा रहे। वह आलेख (स्क्रिप्ट) ही है जिसके आधार पर कार्यक्रम निर्माता एवं निर्देशक तरह-तरह से दृश्यांकन हेतु योजना बनाते हैं एवं उन संभावनाओं व स्थितियों को संयोजित करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा को आयाम देते हैं। चृत्तचित्र- फीचर लेखन की तरह वृत्तचित्र के लिए लेखन के पहलू लागू होते हैं। वृत्तचित्र हेतु गहन अनुसंधान व विमर्श के बाद वृत्तचित्र की 326 ि.? छाण (0९ण )फसधहारजापार सामग्री को चयन किया जाता ही इसे योत समय से पेककस ये 'दृश्यात्मक पहलुओं के अनुसार प्रारंभिक स्क्रिप्ट लिखी जाती है जिसमें संपूर्ण विवरण व. तकनीकी पहलू होते हैं। शूटिंग के पश्चात् उपलब्ध दृश्यों का प्राथमिक आकलन लेखक करता है। दृश्यों व विवरणों की प्रकृति के अनुसार वह उनके बीच की योजक कड़ी को संयोजित करके दूसरी विस्तृत स्क्रिप्ट लिखता है। उस स्क्रिप्ट को ध्वनि व संगीत के प्रभावों के साथ वृत्तचित्र के दृश्यों में यूंथा जाता है। ऐसे स्थल जहां इनके बावजूद जानकारी व समझाइश की आवश्यकता होती है वहां नेपथ्य से विवरणकर्ता की आवाज वृत्तचित्र के विवरण लेख को पढ़ती है। श्रोता-दर्शक दृश्य व ध्वनि के योग से पूरी स्थिति से अवगत होते हैं। भाषा की सहजता, शब्द चयन, वाक्य विन्यास, उद्धरण, विवरण, सटीकत्ता वृत्तचित्र लेखन के वह पहलू हैं जो इसे नवीनता व रोचकता देते हैं। वृत्तचित्रों के प्रकार-.... वृत्तचित्र मूलरूप में यूँ तो प्रस्तुति एवं विषयों को लेकर विविध कोटियों के हो सकते हैं पर सामान्य रूप से उन्हें निम्नलिखित श्रेणियों में बाँटा जा सकता हैः +.... शैक्षिक 2... विकासपरक 3. .. ग्राम्य विषयक 4... अन्वेषणात्मक 5... अपराधपरक 6... राजनीतिक 7... आर्थिक 8... साहित्यिक 3 9 8880] (0? )ापाप्ादारडाप लास्ट 9. ते ब0. 4... वैज्ञानिक १2. . फिल्मपरक 43. . विधिक १4. . संसदीय 45... स्वास्थ्य विषयक 46. . खेल विषयक 47. . बाल संदर्भ १8. . महिला विषयक 49... संदर्भ विषयक दूरदर्शन का विकास : जनसंचार माध्यमों के परिवार में टेलीविजन रेडियो का सबसे निकट का सहोदर है, क्योंकि दोनों की परवरिश ध्वनि तरंगों पर शोध और संचार कार्य में उमके उपयोग के बारे में प्रयत्न करने वाले _ इलेक्ट्रॉनिक परिवार में ही झुई। "कानों सुनी, आंखों देखी' ये प्राचीन मुहावरा टेलीविजन जैसे माध्यम पर पूरी तरह लागू होता है और शायद यही कारण है कि भारत में टेलीविजन के पदार्पण के बाद पूरे देश में इसके फैलाव के लिए जबर्दस्त मांग उठने लगी। रेडियो की तुलना में टेलीविजन एक खर्चीला माध्यम है, भारत जैसे देश में जहां विकास की प्राथमिकताओं की लंबी फेहरिस्त थी, सरकार ने रेडियो की सेवाओं का देश भर में विस्तार करने की अपनी योजनाओं को वर्षों तक वरीयता दी और इस कारण देश में टेलीविजन की शुरूआत में देर होती रही। आजादी मिलने के कई वर्षों बाद तक यही सिलसिला चलता रहा। किन्तु एक बार जब टेलीविजन ने देश में प्रवेश कर 328 . 0] (0९89 ]0र0पार5777४ यो ती प्रेसारग सगियाओं के विकास के लिए पंचम यजियाण मे जो आवंटन किया जाता

था, उसका बड़ा हिस्सा देश में टेलीविजन सेवा के विस्तार में ही खप जाने लगा। सत्तर के दशक के अंत तक दूरदर्शन के रूप में टेलीविजन के माध्यम ने देश में अच्छी-खासी पैठ बना ली थी। इसका एक कारण यह भी रहा कि इस दौरान टेलीविजन की टेक्नोलॉजी में तेज गति से विकास हो रहा था और उपग्रहों की मदद से नब्बे के दशक में (990-2000) टेजीविजन का माध्यम सरकारी अनुदान पर आश्रित न रह कर एक फलते-फूलते अंतर्राष्ट्रीय उद्योग की तरह पूरे देश में तेजी से फैलने लगा। 'एक खर्चीले माध्यम से रूप में जहां टेलीविजन को देश की विकास योजना में स्थान पाने के लिए काफी नीची प्राथमिकता मिलती रही, वहीं, इस माध्यम के प्रभाव के बारे में आशंकाओं का एक पूर्वाग्रह भी उस दौरान प्रचलित था। यूरोप और अमेरिका में टेलीविजन की सेवाएं तेजी से लोकप्रिय होती ज़ा रही थीं, किन्तु वहां भी अब कहा जाने लगा था कि टेलीविजन अपसंस्कृति का माध्यम बन. रहा है, जो आचार-विचार में तड़क-भड़क की संस्कृति को फैला कर समाज में प्रभु-वर्ग की सेवा में ही अधिक - लगा रहता है। भारत जैसे विकासशील देश में आम जनता इससे लाभान्वित होगी, इसकी संभावना काफी कम आंकी जा रही थी। यह वैचारिक ऊहापोह वर्षों तक चलंता रहा और टेलीविजन के माध्यम की देश में शुरूआत का मामला शासन की ओर से ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। 4956 में यूनेस्को ने देश में विकास के प्राथमिक आयामों में जैसे- शिक्षा, ग्राम विकास, सामुदायिक विकास आदि में टेलीविजन 329 का ए0] [0९ ]पाएएपडापा अत प्रगयका्त जनसयार मायने के उपयोग को सगियनाओं को अध्ययन करने के लिए बीस हजार अमेरिकी डॉलर का अनुदान देने की घोषणा की। इससे पूर्व फिलिप्स कंपनी ने दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय उद्योग मेले में 'क्लोज सर्किट टेलीविजन' का प्रदर्शन किया था। कंपनी ने टेलीविजन ट्रांसमिशन और कार्यक्रम निर्माण के कुछ उपकरण अमेरिका के सहयोग से आकाशवाणी को प्रायोगिक तौर पर टेलीविजन चलाने के लिए रियायती दर पर उपलब्ध कराये। १5 सितंबर, 959 को "दूरदर्शन' के नाम से देश में टेलीविजन सेवा की प्रायोगिक तौर पर शुरूआत हुई, जिसमें कृषि, ग्राम विकास एवं सामान्य शिक्षा के कार्यक्रम दिल्ली में आकाशवाणी भवन में स्थापित टेलीविजन ट्रांससीटर के जरिए प्रसारित किए जाने लगे। ये रण सप्ताह में दो बार 60 मिनट की अवधि के होते थे, जिन्हें ने के लिए दिल्ली के आसपास के 20 चुने हुये गांवों में सरकार की ओर से सामुदायिक टेलीविजन सेट रखे गए थे। इस योजना का मूल्यांकन करने पर यह पाया कि टेलीविजन कार्यक्रमों का विकास कार्यों में सकारात्मक प्रभाव होता है। इसी क्रम में आगे एक और प्रायोगिक प्रसारण कार्यक्रम दिसंबर, 960 से मई, 496। तक चलाए गए. जिसमें सामाजिक शिक्षा के अनेक पहलुओं पर. टेलीविजन कार्यक्रम दिखाए गए। इससे अलग प्रयोग था दिल्ली में स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए हर मंगलवार एक घंटे का शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रसारण, जो अक्टूबर, 96। से 0 सप्ताह तक चला। प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय समाजशास्त्री पॉल न्यूसे्थ ने इन सभी प्रसारणों का अध्ययन कर रिपोर्ट में जिक्र किया कि एक प्रभावी 330 ह.? छाए] (0एए8 ]एपा४एारडापा जनसचार मोज्यग के सय में उलीजन विकास यीजियोओं मे मस्त का भूमिका अदा कर सकता है। इसके .बाद भारत सरकार ने देश में. "विकास के साधन' के रूप में दूरदर्शन के विस्तार की योजनाओं को बनाना शुरू किया। आकाशवाणी के पास रेडियो रूरल फोरम, देहाती रेडियो, गोष्ठी जैसे विकांस-मूलक प्रेंसारण कार्यक्रमों का खासा अनुभव था। आकाशवाणी के पी.वी. कृष्णमूर्ति उनमें अग्रणी थे। इसलिए दूरदर्शन पर ऐसे प्रायोगिक कार्यक्रमों को चलाने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई। 975 में दूरदर्शन की स्वतंत्र इकाई बनने कै बाद वे ही उसके पहले महानिदेशक बने। सन् 4965 में स्वतंत्रता दिवस पर आकाशवाणी द्वारा दूरदर्शन की: एक घंटे की नियमित दैनिक सेवा. शुरू की गई। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने इसका उद्घाटन किया। चूंकि यह सेवा सामान्य जन के लिए थी और दिल्ली में देखी जा सकती थी, इसलिए घरों में निजी तौर पर लोग टेलीविजन सेट लगाकर इसे देख सकते थे। जाहिर है, खाते-पीते प्रभु-वर्ग के लिए ही यह संभव था, जो टेलीविजन सेट खरीदकर घर में रख सकते थे। इसलिए विकास संबंधी या. सामाजिक शिक्षा संबंधी टेलीविजन कार्यक्रमों के अलावा, जो गांवों में रखे सामूहिक टेलीविजन सेटों पर देखे जाते थे, इस नियमित टेलीविजन सेवा में जानकारी देने वाली डाक्यूमेंटरी फिल्मों के अंश, बच्चों और महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम संगीत एवं अन्य मनोरंजन के कार्यक्रमों को दिखांया जाने लगा। । अप्रैल, १975 को दूरदर्शन को सूचना-प्रसारण मंत्रालय की एक स्वतंत्र इकाई घोषित किया गया। पर जहां तक तकनीकी 3 न पण (0शग )पाएरारडापा सु कदिकन लिनियि और उजीनियरिंग कमचारिया जद को दजीनियरिंग कर्मचारियों आदि का सवाल था, कई वर्षों तक दूरदर्शन को आकाशवाणी की सुविधाओं और साधनों पर ही निर्भर रहना पड़ा। अगले कुछ वर्षों में दूरदर्शन की सेवा का लगातार विस्तार होता गया और टेलीविजन कार्यक्रम बनाने के लिए देश में कई स्थानों पर टी.वी. स्टूडियो आदि सुविधाएं लगाई गईं। यद्यपि यह सारा प्रायोगिक दौर का ही विस्तार रहा और टेलीविजन कार्यक्रमों के निर्माण के लिए सामान्यतः जितने साधन और सुविधाओं की जरूरत होती है, उससे काफी कम साधन उपलब्ध थे, फिर भी आकाशवाणी ने अपने नवजात सहोदर दूरदर्शन की परवरिश में अपनी ओर रे कोई कसर नहीं छोड़ी। नए माध्यम की तकनीक और उसके कार्यक्रमों के निर्माण में आकाशवाणी के प्रोग्राम और "जीनिंयरिंग विभाग ने पूरे उत्साह से भाग लिया। 497 में नारत-पाक युद्ध के दौरान दूरदर्शन के दिल्ली केन्द्र ने बंगलादेश मुक्तिवाहिनी और उसकी सहायक भारतीय सेना की शौर्यगाथा का फिल्मांकन कर उसके कवरेज अपने समाचारों में लगातार दिखाया । १972 से 4975 के बीच दूरदर्शन के विस्तार क्रम में कई नए केन्द्र खुले- . बंबई. (972), कलकत्ता - (975),

_ चेन्नई. (975), श्रीनगर-असृत्सर (973), और लखनऊ (975)। दूरदर्शन अमृतसर के कार्यक्रम पाकिस्तान के. लाहौर क्षेत्र में भी देखे जा रहे थे। इसी तरह दूरदर्शन का टेलीविजन सिग्नल कभी-कभार कराची में देखा जा. सकता था। 332 .? एाए (0९2 ]0पएछार5प बरऊ़ऊऊजडउएएद *साइट' उपग्रह 'दूरदन ग्रजक्ट (9755-76) साठ के दशक में दूरदर्शन दिल्ली से जो विकासमूलक टेलीविजन प्रसारण किए गए उसके निष्कर्षों के आधार पर साइट प्रोजेक्ट "की योजना बनाई गई | यह वह समय था जब अंतरिक्ष विज्ञान में भारत पैर जमाने की कोशिश कर रहा था। यह सारा कार्य अंतरिक्ष विज्ञान के शीर्ष वैज्ञानिक विक्रम साराभाई के नेतृत्व में 'इसरो' द्वारा. किया जा रहा था। साराभाई ने संचार उपग्रह के जरिए टेलीविजन प्रसारण को देश में फैलाने की पुरजोर सिफारिश की। १969 में उन्होंने कहा था कि अगर अगले दस वर्षों में हम टेलीविजन को अस्सी प्रतिशत जनता तक पहुंचा दें तो राष्ट्रीय एकसूत्रता बढ़ाने में बड़ी मदद मिलेगी। जहां तक उपग्रह से सीधे टेजीविजन देखने की व्यवस्था करने का सवाल है, ये काम पिछड़े इलाकों में सबसे पहले किया जाना चाहिए। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, जो उस समय अंतरिक्ष अनुसंधान विकास विभाग भी देख रही थीं, ने उनके इस सुझाव पर तुरन्त मुहर लगाई। योजना आयोग ने इसके लिए ग्राउंड सेगमेंट लगाने और .विशेष कार्यक्रम बनाने के लिए अलग से बजट प्रावधान किया। साइट प्रोजेक्ट में उपग्रह के जरिए पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में दूरदर्शन कार्यक्रम दिखाने की व्यवस्था की गई। चूंकि उपग्रह से हो रहा प्रसारण बिना किसी टेरेस्ट्रियल ट्रांससीटर को, गांवों में रखे सामुदायिक टेलीविजन सेटों पर देखा जाना था, इसलिए वहां टेलीविजन सेट के साथ उपग्रह के सिग्नल को पकड़ कर उसे सामान्य टेजीविजन पर देखने लायक बनाने की विशेष व्यवस्था करनी पड़ी। इसके लिए चुने हुए गांवों में चिकनमेश एंटिना और फट एंड 333 १.9? छाण (0९हा ]पाएएरडाप केयर लगाने पड़ी उसके लिए नासा ये उस संचार उपग्रह भारत को सीमित समयावधि के लिए उपलब्ध कराया और उपग्रह को कार्यक्रम भेजने तथा गांवों में रखे सामूहिक टेलीविजन सेटों पर उन्हें दिखाने की जिम्मेदारी इसरो ने उठाई। साइट योजना में क्षेत्र-विशेष के लिए उपयुक्त टेलीविजन कार्यक्रमों का निर्माण दूरदर्शन द्वारां किया गया। 6 *राज्यों-राजस्थान, छत्तीसंगढ़, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा और बिहार के चुने हुए 2400 पिछड़े गांवों में इस उपग्रह सेवा को देखने की व्यवस्था की गई। हर राज्य के लिए अलग से रोज एक घंटे की अवधि का प्रसारण शाम को होता था। चूंकि इन छह प्रदेशों की भाषा, संस्कृति और जमीनी हालात अलग थे, कृषि की पद्धति और 'फसलचक़ भी मिन्न थे, अतः उनके लिए बनाए गए कार्यक्रम भी अलग होते थे। इन कार्यक्रमों को वहां की सरकार के कृषि एवं सामुदायिक विकास के लिए जिम्मेदार संस्थानों, विभागों और उस क्षेत्र के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ताओं की मददं से बनाया जाता था। चूंकि साइट प्रोजेक्ट विकास के लिए टेलीविजन के उपयोग संबंधी अपने किस्म का इतने बड़े पैमाने. पर पहला प्रोजेक्ट था, इसलिए इसके संचालन और निष्कर्षों के प्रति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुतूहल बना हुआ था। साइट प्रोजेक्ट से चुने हुए गांवों के जो लोग लाभान्वित होने वाले थे, उनकी माली हालत, मनःस्थिति, उनके पूर्व अनुभव, टेजीविजन पर्दे पर जो दृश्य दिखाई दे रहे हैं, उनकी विश्वसनीयता के बारे में उनकी प्रतिक्रिया आदि बातों का, साइट प्रोजेक्ट के प्रसारण शुरू होने से पूर्व, पूरी गंभीरता से समाजशास्त्रीय अध्ययन किया गया। उसी 334 सा. एण (0९एघ ]0पाएडार5ाा स्का केयर देखिये के सये याद उनका प्रतिक्रिया नई तकनीकों के बारे में स्वीकार्यता और सामाजिक, आचार-विचार के कार्यक्रमों को देखकर उन ग्रामीण समुदायों में हो रहे परिवर्तनों का अध्ययन करने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई थी। साइट प्रोजेक्ट के मुख्य उद्देश्य थे- ०. खेती बाड़ी, पशुपालन, वानिकी आदि की उन्नत त्तकनीकों के बारे में किसानों को जानकारी देना। ०... स्वास्थ्य, सफाई, परिवार कल्याण और पोषण आहार के बारे में विशेष जानकारी देना | ०... पिछड़े और पारंपरिक समाज में देश की अखंडता-एकता आदि का अहसास कराना । ०... य्ामीण क्षेत्रों में. प्राइमरी शिक्षा में सुधार लाना, अध्यापकों का प्रशिक्षण आदि। "'साइट' योजना के प्रभाव के बारे में जो समेक़ित शोध अध्ययन किया गया, उसके मूल उदेश्य थे- (0). ग्रामों में सदियों से चली आ रही पारंपरिक. संचार प्रणाली के वर्तमान और प्रभाव का अध्ययन । (2 टेलीविजन जैसे दृश्य-श्रव्य तकनीकी. माध्यम की. सामाजिक शिक्षा के लिए उपयोगिता का अध्ययन। (3) _ टेलीविजन कार्यक्रमों में दिए जा रहे संदेशों के संदर्भ मे गांवों में होने वाले बदलाव की प्रक्रिया का अध्ययन | 335 नि जि जी फियासे मर सनक र्यि कहर 2पपाएप्रडाप मिलान साइट प्रोजेक्ट ये उस विकास मरिसनिचिक सता लिए टेलीविजन माध्यम के प्रभाव और उपयोगिता के बारे में काफी नई और उपयोगी जानकारी दी, वहीं उसका एक और महत्वपूर्ण फलित यह था कि भविष्य में यदि उपग्रहों के जरिए दूरदर्शन का विस्तार किया जाए तो उसके लिए जमीनी व्यवस्था किस प्रकार की जाए इसका अध्ययन | उपग्रह प्रसारण को वर्तमान टेरेस्ट्रिल प्रणाली से कैसे जोड़ा जाए इसका आकलन भी महत्व का था, ताकि लोग अपने सामान्य टेलीविजन सेटों पर भी उन कार्यक्रमों को देख सकें। 'साइट' योजना के सांथ इसरो ने संचार उपग्रह के निर्माण की योजना पर भी काम शुरू किया था। देश का पहला संचार उपग्रह इनसेट (ए) नासा के रॉकेट की सहायता से 982 में अंतरिक्ष में स्थापित किया गया। इसे भारतीय इंजीनियरों ने डिजाइन किया था और भारत में ही इसका निर्माण किया गया था। तकनीकी कारणों से चूंकि इसका उपयोग सीमित ही. रहा, इसलिए दूसरा भारतीय डिजाइन का उपग्रह इनसेट-। (बी), जिसका निर्माण अमेरिका में फोर्ड एयर स्पेस द्वारा किया गया था, अक्टूबर, १983 में झमेरिकी रॉकेट चैलेंजर से अंतरिक्ष में भेजा गया। इसकी पूर्ण सफलता के बाद इनसेट उपग्रहों की पूरी श्रृंखला नियमित रूप

से अंतरिक्ष में स्थापित की जाने लगी। इनका उपयोग कर दूरदर्शन ने पूरे देश में कार्यक्रम सेवा पहुंचाने की क्षमता हासिल. की। देश में दूरदर्शन के केन्द्रों द्वारा उपग्रह से राष्ट्रीय कार्यक्रम (डाउनलोड) प्राप्त किया जाता था और उसे उनके टेरेस्ट्रियल ड्रांससीटर के जरिए पुनः प्रसारित कर घरों तक पहुंचाया जाता था। 80. के दशक में किए गए इन प्रयासों ने ही” टेलीविजन क्रांति का सूत्रपात किया। आज भी टेरेस्ट्रियल टेजीविजन नेटवर्क से दूरदर्शन के 336 का. छात्तिण (0९४४ )साएारडापा सका को रियो या जाता है पान चैनल के अतिरिक्त तीन सौ से ऊपर में निजी क्षेत्र के टेलीविजन चैनल सेट बॉक्स केबल और डी.टी.एच. सेवाओं के माध्यम से कार्यक्रमों को दिखा रहे हैं। दूरदर्शन की ऐतिहासिक उपलब्धियां : दूरदर्शन के आरंभिक दिनों की कहानी अधूरी रहेगी यदि इस बात का स्मरण न किया जाए कि. अनेक बाधाओं, साधनों के अभाव और थोड़े समय में विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के दबावों के बावजूद और सरकारी तंत्र की सीमाओं में रहकर भी जनसंचार के क्षेत्र में दूरदर्शन ने अपनी खास पहचान बनाई और टेलीविजन जैसे माध्यम को देश की संस्कृति, कला, साहित्य और सामाजिक मूल्यों से जोड़ा। आज अनेक भाषाओं में टेलीविजन कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं। विदेशी प्रोड्यूसर यहाँ अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम बना रहे हैं [ टेलीविजन एक ऐसा माध्यम. है, जिसमें रेडियो के अतिरिक्त, कई और विधाओं का संगम होता है। जैसे- फिल्म, रंगमंच, पत्रकारिता आदि। समग्रता के साथ समाज की सभी गतिविधियों, कला और संस्कृति के सभी पहलुओं को समेटने वाला यह दृश्य-श्रव्य माध्यम केवल कलात्मक दृष्टि या बड़ी पूंजी और कुशल प्रबंधन से नहीं चलाया जा सकता, उसके लिए एक संस्थागत ध्येय' और अपने खद्देश्यों के प्रति समर्पण की भावना जरूरी है। दूरदर्शन को उसका ध्येय वाक्य-'सत्यं शिवं सुंदरम' : आकाशवाणी ने दिया था। आज दुनिया की तर्ज पर भले ही मुक्त आकाश से टेलीविजन के चैनल 37 शा? छाए (0शर१)0राशडारडाए कक के सो वे देव जो रे मदर जनसपार मम के रुप में टेलीविजन का सामाजिक महत्व बना रहेगा अगर वह अपने कार्यक्रमों में सत्य, कल्याणकारी और सुंदर का समन्वय पेश करेगा। अस्सी का दशक दूरदर्शन के विकास की दृष्टि से उसका स्वर्णकाल कहा जा सकता है। इसी दशक में इनसेट उपग्रह के जरिए दूरदर्शन ने रात 8 से 40 बजे तक अपना राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया, जिसे 'उसके सभी केन्द्र रिले करते थे। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य था राष्ट्रीय दृष्टिकोण का विकास, विविध सांस्कृतिक छटाओं का समन्वय और कार्यक्रमों में गुणवत्ता का प्रतिमान. बनाना | कार्यक्रम में दूरदर्शन के सभी' केन्द्र अपना योगदान दिया करते थे। अस्सी के दशक के मध्य सरकार ने टेलीविजन टेक्नोलॉजी से संबंधित अपनी आयात नीति को उदार बनाया। फलस्वरूप निजी स्वामित्व की. टेलीविजन सॉफ्टवेयर कंपनियों ने टी.वी. कार्यक्रम निर्माण के लिए सुविधाएं जुटाईं -. फिल्म,थिएटर के निर्देशकों और कलाकारों की मदद से टी.वी. कार्यक्रमों का निर्माण शुरू किया। दूरदर्शन में प्रायोजित कार्यक्रमों की शुरूआत +5 जुलाई, १984 से हुई। इस नई योजना के तहत निजी प्रोड्यूसर अपने कार्यक्रम के लिए स्पॉन्सर (प्रायोजक) ढंढता और उसके आर्थिक सहयोग से कार्यक्रम बनाकर और दूरदर्शन को स्पॉन्सर फीस देकर वह अपना कार्यक्रम दूरदर्शन पर दिखाता। बदले में प्रायोजक को एक निश्चित अनुपात में बिना किसी शुक्ल के अपने विज्ञापन दिखाने की छूट होती। इसके साथ ही दूरदर्शन अपनी ओर से जाने-माने प्रोड्यूसरों को टेलीफिल्में, डाक्यूमेंटरी और अन्य कई तरह के कार्यक्रम बनाने के लिए अनुबंधित करने लगा। इस दौरान दूरदर्शन ने खासी लोकप्रियता और विज्ञापनों से अच्छी-खासी आमदनी उउ नि छाए] (एप ]पाएछारडाप के यजित की उसी काले खडे ये बिके पिया सिम के कप काले खंड मे य ऊ परिये एशियाई जल के कक के साथ दूरदर्शन द्वारा रंगीन प्रसारण का. आरंभ हुआ। टेलीविजन तकनीक, में तेजी से विकास हो रहा था और दूरदर्शन जैसे विशाल क्षेत्र में फैले संस्थान को इन सारे बदलावों को एक साथ अपने में समाहित करने की खासी मशक्कत करनी पड़ी। 4984 में दूरदर्शन के संजाल के विस्तार का “क्रैश प्लान' कार्यान्वित हुआ। लगभग तीन माह के दौरान हर रोज एक नया टी.वी. ट्रांससीटर देश के किसी न किसी भाग में शुरू होता था। इस योजना मे १43 लो पॉवर और 26 हाई पॉवर टेरेस्ट्रियल टी.वी. ट्रांससीटर लगाए गए। इसके बाद - दूरदर्शन संजाल में कुल 47 हाई पॉवर और 432 लो पॉवर ट्रांससीटर टेलीविजन प्रसारण करने लगे। इसी दरम्यान दिल्ली, मुंबई, मद्रास और कलकत्ता केन्द्रों से दूसरा चैनल शुरू किया गया, जो कुछ हद तक स्थानीय समस्याओं और मेट्रो के बहुभाषीवासियों के लिए अंग्रेजी / हिन्दी में उनकी खास रूचि के कार्यक्रम प्रसारित करता था। राष्ट्रीय प्रसारक के रूप में दूरदर्शन की नई जिम्मेदारियों, श्रोता-दर्शकों की. बदलती रूचि. और बढ़ती. अपेक्षाओं का समाजशास्त्रीय अध्ययन करने के .लिए 984 में. सूचना प्रसारण मंत्रालय ने एक कार्यदल का गठन किया। इसके अध्यक्ष थे प्रसिद्ध समाजविज्ञानी पी.सी. जोशी। कार्यदल ने जो रिपोर्ट पेश की उसका शीर्षक था दूरदर्शन का भारतीय व्यक्तित्व कार्यदल ने दूरदर्शन के सात मुख्य केन्द्रों के कार्यक्रमों की छानबीन की। दूरदर्शन की सामाजिक भूमिका पर कार्यदल ने बड़ी तीखी टिप्पणी। में कहा कि सत्तर के दशक में दूरदर्शन को मुख्यतः राष्ट्रीय विकास के संवाहक 339 का? छाए (0शया]एपापारडागाए कसम इसी या किन्तु उत्पसत्पर ये सरया अपन लोक सेवा के उद्देश्य से भटकती जा रही है और विदेशी चंकाचौंध भरी जीवन पद्धति और भोगवादी संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। इसी दौर में 6 “ना मीडिया फाउंडेशन' कई प्रमुख शहरों में परिचर्चाएं आयोजित कीं, जिनमें विविध. क्षेत्रों-बौद्धिक, सामाजिक और औद्योगिक जगत से जुड़े प्रमुख लोगों तथा कला-संस्कृतिकर्मियों ने हिस्सा लिया और दूरदर्शन जैसे नए माध्यम के विषय में अपनी अपेक्षाएं और राय प्रकट की। अस्सी के

दशक में दूरदर्शन की कई और भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां रहीं- ०: एशियाई खेल का रंगीन टेलीविजन पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का 'कवरेज किया गया। र ०... 4987 में क्रिकेट का विश्वकप भारतीय उपमहाद्वीप में खेला गया था। दूरदर्शन ने इसके सभी मैच, जो भारत में खेले गये, उनका लाइव कवरेज किया। ०... पहली बार राष्ट्रीय प्रसारक के रूप में दूरदर्शन पर १989 के चुनाव नतीजों का दिन-रातं चलने वाला प्रसारण किया गया। इसके प्रस्तुतकर्ता (एंकर) प्रणव राय थे, जिनके साथ दूरदर्शन ने इस कार्यक्रम के प्रसारण के लिए अनुबंध किया था। सारी 'तकनकी सुविधाएं दूरदर्शन ने दी थीं| ०... बड़े आकार के स्टूडियो और नए उन्नत तकनीक के उपकरण दूरदर्शन के संजाल में जुड़ गए। 340 0.९ 80] (0५ ]0पाएटार5ाा दूरदर्शन नेटवर्क का विस्तार- 'दूरदर्शन के इतिहास में नब्बे के दशक में एक ऐसा कालखंड शुरू हुआ, जिसमें एक ओर दूरदर्शन के चैनलों का तेजी से विस्तार तो हुआ, पर सालों से चल रहे टेलीविजन प्रसारण पर उसका एकाधिकार समाप्त हो गया। दर्शकों पर उसका प्रभाव भी घटता गया । इसके प्रमुख कारण थे-() निजी स्वामित्व के कई उपग्रह टी.वी. चैनल हिन्दी-अंग्रेजी के साथ-साथ भारतीय भाषाओं में भी कार्यक्रम पेश करने लगे। अस्सी के दशक में तेजी से फैली केबल सर्विस के जरिए उन्हें अब घरों तक सुगमता से पहुंचाया जाता था। इसके अलावा बहुहुराष्ट्रीय टी.वी. के भी कई चैनल अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों, खेल कूद, कार्टून, जंगल, जीव-जन्तु विज्ञान और आर्थिक विषयों के टी.वी. कार्यक्रमों को दिखाने लगे (2) दूरदर्शन के चैनलों की संख्या में तेजी से विस्तार हो रहा था, किन्तु कार्यक्रमों का निर्माण पिछड़ता गया। (3) ठेके पर कार्यक्रम बनवाने का प्रचलन दूरदर्शन में बड़े पैमाने पर शुरू हुआ। इसका मिला-जुला असर रहा। बाहर के स्वतंत्र टी.वी. कार्यक्रम निर्माताओं, तकनीशियनों, कलाकारों के लिए इस नीति के कारण जहां निश्चित रूप से अवसर बढ़े और कार्यक्रमों में भी नवीनता और नई बयार देखने को मिली, किन्तु इसके साथ टी.वी. कार्यक्रम बनाने में व्यापारी हितों का दखल भी बढ़ता गया और कार्यक्रमों के निर्माण में गुणवत्ता से अधिक उनकी लाभ कमाने की प्रवृत्ति बढ़ती चली गई। बाहर से बनकर आने वाले ऐसे अधिकांश कार्यक्रम धीरे-धीरे बाजार की चाहत के अधीन होते चले गए। दूरदर्शन के अपने चैलनों पर भी उब्ा .? छण (एटर ]पाएएरिडाप हे कयग्रानों को पेन दि गाय सापित उपर जरमल से को चलेंगे पढ़ गयी जो स्थापित री भटके हुए लगते थे। 4989 में आम चुनावों से पूर्व आकाशवाणी- दूरदर्शन के लिए स्वायत्तता का मुद्दा एक बार फिर बड़े जोर-शोर सें उछला। अब तक वह एक राजनीतिक मुद्दा बन चुका था। नई सरकार आने के बाद उसने आकाशवाणी- दूरदर्शन को स्वायत्तता देने के लिए प्रसार भारती बिल संसद में पेश किया और वादा-निभाई की रस्म पूरी की| समय के साथ दूरदर्शन के विस्तार में भी नए-नए आयाम जुड़ते रहे, भले ही उनमें से कुछ ऐसे हों, जो किसी सुविचारित योजना के बजाय कालचक्र की उपज ही थे। उनके लिए न पहले से कोई सोच बनी थी, न कोई योजना थी या कोई व्यवस्था की गई थी। फिर भी जैसा कई बार देखा जाता है, हर बदलाव अपने साथ एक नई स्थिति पैदा करता है. और फिर कोई नया रास्ता ढूंढ़ा जाता है। दूरदर्शन की कहानी में शायद ऐसी सूरतें कुछ ज्यादा ही बनती रहीं। दूरदर्शन के विस्तार के इस कालखंड में कुछ महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं जिनका उल्लेख जरूरी है- ०... 3 दिसम्बर, 499। से संसद के दोनों सदनों में प्रश्नकाल की कार्यवाही का सीधा प्रसारण दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल पर शुरू हुआ । *... 4993 में इनसेट-बी उपग्रह के अंतरिक्ष में स्थिर होने के बाद जो अतिरिक्त ट्रांसपांडर दूरदर्शन को मिले उन पर दूरदर्शन ने 5 नए चैनल शुरू करने की घोषणा की। ये थे-+. खेल-कूद, 2. 342 0. छाण (0९8 )0प्ाधहारडापए समाचार दे मनेफलिन ये जाने पिजाने योर सना उसे चैनलों पर पहले की योजना के अनुसार निजी कंपनियों को टाइम स्लॉट पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बेचे जाने थे। पर ऐसा कपितय कारणों से न हो सका और दूरदर्शन की जगहंसाई हुई । इसी दौरान क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रमों के प्रांतीय स्तर पर अलग-अलग सेटेलाइट चैनल भी शुरू किए गए। इससे यह सुविधा हुई कि प्रदेशों में दूरदर्शन के टेरेस्ट्रियल रिले कैन्द्र:"जॉ" अब तक दिल्ली केन्द्र के कार्यक्रम ही दिखा पाते थे, उन्हें प्रादेशिक टेलीविजन से जोड़ा जा सका, जिससे लोगों को राष्ट्रीय सेवा के अलावा उनकी अपनी क्षेत्रीय भाषा में कार्यक्रम मिलना शुरू हुआ। दूरदर्शन की राष्ट्रीय चैनल डीडी- के अतिरिक्त कुछ प्रमुख शहरों में डीडी-2 की सेवा कुछ वर्ष पूर्व टेरेस्ट्रियल ट्रांसमीटरों पर शुरू की गई थी। कुछ और शहरों में टेरेस्ट्रिटल ट्रांससीटर लगाकर और सेटेलाइट द्वारा उन्हें कार्यक्रम पहुंचाने की व्यवस्था कर दूरदर्शन ने एक नया नेटवर्क कायम किया, जिसमें मनोरंजन की भरमार थी। इसे 'मेट्रो नेटवर्क' का नाम दिया. गया। इसके बारे में कहा गया था कि दूरदर्शन की यह पहल उसे विज्ञापन बाजार में निजी टेलीविजन चैनलों को कड़ी टक्कर देने के लिए होगी । 4995 में दूरदर्शन ने तीसरा. चैनल शुरू किया जिसके बारे में कहा. गया कि. यह खास किस्म के बुद्धिजीवियों और 343 व. छप्ष0] (0९88 )एपाएार5प कली मेमिया के लिए हो एक खास द्क ये गगारिजन उनसे 'मेट्रो' और डीडी-+ के मिले-जुले राष्ट्रीय चैनल से संतुष्ट नहीं था, यह तीसरी सेवा उनके लिए थी। *...4 मार्च, १995 को दूरदर्शन ने डीडी इंडिया नाम से अपना अंतर्राष्ट्रीय चैनल शुरू किया, जो यूरोप सहित +46 देशों. में अंतर्राष्ट्रीय उपग्रहों के द्वारा कार्यक्रम प्रसारित करता है। 90 के दशक के आरंभ के इन कुछ वर्षों में दूरदर्शन के विकास की कहांनी काफी हद तक गुब्बारे को फुलाने जैसी ही रही, क्योंकि उसके पीछे न कोई सुविचारित योजना दीखती है और न कोई सार्थक तैयारी, जो टेलीविजन जैसे जटिल माध्यम के लिए जरूरी होती है। इस दौरान मंत्रालय की ओर से बराबर यही डुग्गी पीटी जा रही थी कि दूरदर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। निजी टेलीविजन चैनलों को वह जल्दी ही मात देगा और बहुराष्ट्रीय चैनलों को भारत से बाहर

भगा देगा।. नतीजा वही हुआ. जो ऐसे 'क्विकझाटिक' अभियानों का होता है। दूरदर्शन ने जो पांच उपग्रह चैनल चलाए थे- खेल, समाचार, मनोरंजन, ज्ञान-विज्ञान और संगीत, उन्हें दूरदर्शन का आम दर्शक देख ही नहीं पाया। केबल सर्विस वालों ने उन्हें छुआ तक नहीं और आम टेलीविजन सेटों पर -उपग्रह से सीधा देख पाना संभव नहीं होता। आम चुनाव के बाद ज़ब सरकार बदली तो उसने स्थिति का नए सिरे से आकलन किया और डी.डी. मेट्रो चैनल, जो तब तक फूहड़ मनोरंजन के लिए बदनाम भी हो चुका था, उसे बंद कर उसकी जगह डी.डी. न्यूज समाचार चैनल की शुरूआत की गई । डीडी-3 को नया. नाम दिया गया. “डी.डी. भारती'। सरकार ने अध्यादेश निकालकर 3ब4 .ए छा0] [0९१ ]0सह्ारडपार बट कि ये आवक कर हवा कि उरदसन के कई दो चैनल उन्हें अवश्य दिखाने होंगे। नतीजा यह हुआ कि जहां तक शहरों की बात थी दूरदर्शन एक पप्रतिस्परद्धी चैनल के रूप में केबल पर भी अपनी सही पहचान बना सको। जहां केबल नेटवर्क नहीं है, जैसे- 'लगभग पूरा ग्रामीण क्षेत्र, वहां दूरदर्शन का एकाधिकार बना रहा, क्योंकि वहां एकमात्र टेरेस्ट्रियल टेलीविजन चैनल दिखाई देता है। दूरदर्शन के कार्यक्रमों का स्वरूप और विस्तार चूंकि टेलीविजन ने लोक-शिक्षा के प्रभावी माध्यम के रूप में प्रवेश किया था, इसलिए उसके पहले चरण के सभी कार्यक्रम स्कूली शिक्षा और सामाजिक शिक्षा तक ही सीमित रहे। 60 के दशक के मध्य जब दिल्ली दूरदर्शन से सायंकालीन नियमित सेवा शुरू की गई तो दूरदर्शन को शहर के लोग भी देखने लगे। उन दिनों खाते-पीते भद्रजनों के घरों पर टी.वी. का एंटिना होना एक स्टेटस सिंबल सा बन गया था। धीरे-धीरे इन लोगों की मांग और दबाव बढ़ता गया और इस तरह दूरदर्शन ने एक समन्वित सेवा का रूप ले लिया, जिसमें लोक-शिक्षण के अतिरिक्त सूचना, समाचार और मनोरंजन के कार्यक्रम शामिल होते गए। दिल्ली के बाद अन्य महानगरों में टी.वी. सेंटर खोलने के लिए योजनाएं बनीं। हालांकि, अब भी नीति संबंधी घोषणाओं में जोर इसी पर दिया जाता रहा कि टेलीविजन सेवा का मुख्य उद्देश्य विकास और सामाजिक प्रगति को तेज करना और सांस्कृतिक उन्नयन में योगदान देना है, किन्तु व्यावहारिक स्तर पर दूरदर्शन अब एक लोकप्रिय जनसंचार माध्यम बनता जा रहा था। शहरी लोगों की अपेक्षाओं को नजरअंदाज करना उसके लिए कठिन उबड का. हण (0एछप ]एपाएशारआप" सा रताकदव सदा दा पता सतत कान जिकि टॉ इंडस्ट्री की मांग लोकप्रिय कार्यक्रमों से ही टेलीविजन सेटों की मांग बाजार में बढ़ेगी । तभी टी.वी. सेट की कीमतें भी घटेंगी और आम लोग टेलीविजन खरीद सकेंगे। भारत जैसे बहुआयामी देश में सांस्कृतिक और कलाओं की बड़ी समृद्ध परंपराएं रही हैं। समाचार-पत्र और फिल्म. उद्योग आजादी के बाद जिस तरह बढ़े, उसी तरह रेडियो, टी.वी. जैसे आधुनिक जनसंचार माध्यमों पर संस्कृति एवं. कलाकर्मियों की आकांक्षाओं का दबाव भी स्वाभाविक था। फलतः दूरदर्शन भद्र समाज की ओर उत्तरोत्तर झुकता गया। लोकतांत्रिक सरकारें हमेशा ही दबाव के आगे नरम पड़ती हैं और वही बात टेलीविजन नीति के बारे में भी हुई। भूमंडलीकरण का. खुला. दौर आते. ही. मनोरंजन के व्यवसाय-व्यापार का 'जिनन' पिटारे से पूरी त्तरह बाहर आ गया और जनसंचार के सभी माध्यम समाचार-पत्र, रेडियो या टी.वी, आज उसके प्रभाव में हैं। फिर भी दूरदर्शन के इतिहास को यदि देखा जाए तो स्पष्ट होगा कि अनेक अन्य दबावों के बावजूद लोक-शिक्षा के अपने मूल्य उद्देश्य को दूरदर्शन ने दृढ़तापूर्वक निभाया है| ०... दूरदर्शन आम जनता के लिए शिक्षा, सूचना और मनोरंजन के जो कार्यक्रम करता था, उनके साथ समाज के विशिष्ट तबकों, जैसे- ग्रामीण जनता, युवा वर्ग, बालक, वृद्धजन संभी के लिए विशेष कार्यक्रम दूरदर्शन के संभी केन्द्रों से प्रसारित किए .जाते हैं, जिनमें क्षेत्र विशेष की समस्याओं, आकांक्षाओं और सांस्कृतिक रूचियों का ध्यान रखा जाता है। उ46 खा? ह्िण (एशिया )पपाएह।रडाप आकाशवाणी के संगीत के राष्ट्रीय कार्यक्रम की त्तरह दूरदर्शन ने भी कई वर्षों तक संगीत और नृत्य का अखिल भारतीय कार्यक्रम चलाया। जहां फिल्म संगीत पर आधारित “चित्रहार' लोकप्रियता के ग्राफ पर सबसे ऊंचा था, वहीं दूरदर्शन ने. संगीत (शास्त्रीय और सुगम-गीत, भजन, गजल) की महफिलें पेश कर उभरते कलाकारों, गीतकारों और नर्तकों को प्रकाश में लाया | 4980 में जब दूरदर्शन का .दो घंटे का राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रसारित किया जाने लगा तो उसके जरिए सांस्कृतिक समग्रता और वैचारिक बहुलता के दर्शन बखूबी होने लगे | 497 के युद्ध के समय हालांकि दूरदर्शन की सेवा प्राथमिक चरण में थी, फिर भी इस पर युद्ध के संदर्भ में जो कार्यक्रम और वीडियो कवरेज समाचारों में दिखाया गया उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर का माना गया। दूरदर्शन . पर प्राकृत्तिक आपदाओं,; जैसे-बाढ़, समुद्री तूफान, भूकंप आदि पर जानकारी भरे लोकसेवा के कार्यक्रम काफी प्रभावी रहे हैं। उच्च शैक्षणिक प्रसारणों की शुरूआत दूरदर्शन के नेशनल चैनल पर 4984 से प्रारंभ हुई, जब यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन की पहल पर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्थापित ईएमआरसी द्वारा बनाए गए शैक्षणिक कार्यक्रम सुबह की सभा में' दूरदर्शन पर प्रसारित किए जाने लगे। “स्वतंत्रता. दिवस' और “गणतंत्र दिवस' समारोह जैसे राष्ट्रीय गौरव के सभी आयोजनों, विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय अतिथियों के भारत बा 54:20... 9.../:...0. प्रयास से सवत संगी फोगिको ये ये यो पर जि न भी दूरदर्शन की ही जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग द्वारा स्वीकृत व्यवस्था के अंतर्गत 977 से दूरदर्शन पर सभी मान्य राजनीतिक दलों को एक अनुपात में . चुनाव प्रचार की निःशुल्क सुविधा दी जाती है । सभी खेलों कों दूरदर्शन की ओर से हमेश प्रोत्साहन दिया जाता रहा है। जहां क्रिकेट जैसे विज्ञापन बहुल कार्यक्रमों में ही अन्य चैनलों की रूचि रही है, दूरदर्शन पर सभी खेलों-शहरी और ग्रामीण की -राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं लाइव या रिपोर्ट के माध्यम से कवर की जाती रही हैं । भारत सरकार जिन राष्ट्रीय अभियानों /

कार्यक्रमों को लोकहित में 'चलाती है, उन सभी को दूरदर्शन पर प्रचार-प्रसार के लिए. विशेष सुविधाएं दी जाती हैं । दूरदर्शन की प्रायोजित .कार्यक्रमों द्की योजना, जो अस्सी के दशक में शुरू हुई, उसने भारत के रंगमंच और फिल्मकारों: के लिए टेलीविजन मीडिया पर काम करने का भरपूर अवसर दिया। इसी तरह अनेक विषयों पर डाक्यूमेंटरी और टेलीफिल्में बनाने के लिए निर्माताओं को दूरदर्शन की कमीशनिंग स्कीम से पूरी सहायता दी गई। इनमें से कई को राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं। व. छ्0] (0९१ ]एपाएशारडापए सन सया को फियागयी फिर ि एक्एं का तकनकी 4959 में जब देश में टेलीविजन की शुरूआत हुई थी, उस समय यूरोप और अमेरिका में भी टेलीविजन की एक ही प्रणाली प्रचलित थी- टेरेस्ट्रियल यांनी क्षैतिज ट्रांसमिशन। इसके लिए जो ट्रांससीटर लगाया जाता है, उसकी शक्ति (उदाहरण के लिए 4 के.वी. या 40 के. बी या 20 के.वी.) और उसके ट्रांसमिशन टॉवर की ऊंचाई इन दो पैमानों से उस टेलीवीजन केन्द्र का. प्रसारण क्षेत्र आंका जाता है। अगर उसकी परिधि 400 किलोमीटर है तो उससे आगे उसके सिग्नल को ले जानें के लिए एक बूस्टर ट्रांससीटर पहले वाले की परिधि के भीतर लगाना पड़ता है, ताकि वह (एयर टू. एयर) मूल ट्रांससीटर के सिग्नल को पकड़े और उसे आगे बढ़ाए। इस प्रणाली में भारत जैसे विशाल देश में टेलीविजन की एक राष्ट्रीय सेवा का संजाल पूरे देश में फैलाने के लिए कई हजार ट्रांससीटर लगाने पड़ते। पर सौभाग्य से संत्तर के दशक के आरंभ में जब देश में टेलीविजन के विस्तार का निर्माण हुआ, उस समय अंतरिक्ष में स्थापित कुछ उपग्रहों के जरिए टेलीविजन सिग्नल को पूरे विश्व में कहीं भी पहुंचाने की क्षमता हासिल हो चुकी थी। एक कम्यूनिकेशन सेटेलाइट पर टेलीविजन के कई ट्रांसपांडरों के साथ अन्य सेवाएं जैसे डाटा ट्रांससीशन आदि की भी जगह मिल जाती थी। किन्तु जहां सेवा क्षेत्र के विस्तार की समस्या उपग्रह के द्वारा हल हो चुकी थी, वहीं उसकी कमजोरी भी थी। भारत जैसे बहुमाषी और संस्कृति-बहुल देश में उपग्रह द्वारा पूरे देश में केवल एक टेलीविजन सेवा कोई मायन नहीं रखती] टेलीविजन आने से पूर्व देश कि 349 ही खा? छातण (0९88 ]0पाएछारअपार मियां का जा किस्तार से सकी या उसको जन सता का राष्ट्रीय, 2. प्रांतीय और 3, स्थानिक | टेलीविजन भले ही दृश्य माध्यम हो, जिसमें भाषा का महत्व दूसरे नंबर पर आता है, फिर भी देश के अलग-अलग भू-भागों में जलवायु, जमीनी रचना और सांस्कृतिक रीति-रिवाज में इतनी विविधता है कि टेलीविजन की कोई एक राष्ट्रीय प्रसारण सेवा पूरे. देश के लिए परिपूर्ण या स्वीकार्य नहीं हो सकती थी। इसलिए यह जरूरी था कि दूरदर्शन के विस्तार की योजना के पहले चरण में देश के मुख्य नगरों में प्रांतीय स्तर पर दूरदर्शन केन्द्र स्थापित किए जाएं, जो वहां की भाषा और सांस्कृतिक विशिष्टताओं को ध्यान में रखकर अपनी प्रसारण सेवा चलाएं। ऐसे केन्द्रों को राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए उपग्रह का प्रयोग अवश्य किया जा सकता था। उस दौर में केबल टेलीविजन का पूरे देश में प्रचलन नहीं हुआ था और न ही आज की तरह डी.टी.एच. प्रणाली द्वारा टेलीविजन सेटों पर सैटेलाइट सर्विस के कार्यक्रम सीधे देखे जा सकते थे। इसलिए दूरदर्शन के क्षेत्र विस्तार के लिए टेरेस्ट्रियल प्रणाली पर चलने वाले ट्रांससीटरों को देश के हर भाग में स्थापित करना पड़ा। 959 में दिल्ली में केवल एक टेलीविजन ट्रांससीटर था। 973 में यह बढ़कर पांच. हुई। १985 में रिले केन्द्रों को मिलाकर यह 85, 988 में 220 जबकि 20१5 में इसकी संख्या तीन हजार 'तक पहुंच चुकी है। अर्थात अब बिना किसी शुल्क के दर्शक दूरदर्शन देश सकते है। दूरदर्शन के लगातार हो रहे क्षेत्र-विस्तार और 982 में उसके रंगीन होने के बाद टेलीविजन सेट बनाने वाली कंपनियों को भी देश 350 १.९ एण (0एम ]एप्ाएडारडाार माउक पड़ी बॉजार उपलेध आग इस आत्र में पियशी किया के * सहयोग से कई भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर पहले एक या दो चैनल की क्षमता वाले और बाद में कई चैनल वाले टेलीविजन सेटों का उत्पादन शुरू किया। १970 में जहां हर साल लगभग 5 हजार टेलीविजन सेट बनाने की क्षमता थी, वहीं १982 'तक उत्पादन की क्षमता लगभग 7 लाख सेट तक पहुंच गई। ''ब्लैक एंड व्हाइट' के साथ रंगीन टेलीविजन भी बनने लगे थे। टेलीविजन सेटों के उत्पादन की क्षमता कई वर्षों तक सीमित ही रही, जबकि मांग तेजी के साथ बढ़ती जा रही थी, खासकर रंगीन सेटों की। इसलिए लोगोंको विदेशों से अपने साथ या अपने मित्रों द्वारा भेजे गए टेलीविजन सेट ''कस्टम ड्यूटी' देकर लाने की इजाजत दी गई। 4987 के अंत तक देश में टेलीविजन सेटों क कूल संख्या लगभग, एक करोड़ हो चुकी थी और देश की' लगभग 62 प्रतिशंत जनता दूरदर्शन सेवा देख सकती थी। भारत सरकार ने रेडियो और टेलीविजन सेटों पर जो वार्षिक शुल्क लिया जाता था, उसे समाप्त कर दिया गया। अब उनके निर्माण पर एकमुश्त एक्साइज ड्यूटी ली जाने लंगी। इससे भी उपभोक्ताओं को * खासी सहूलियत मिली | डिजिटल टेलीविजन : रेडियो और टेलीविजन पूरी दुनिया में अपने आरंभिक चरण से अब तक एनालॉग प्रणाली के जरिए कार्यक्रम निर्माण और प्रसारण करते आ रहे हैं। डिज़िटल टेक्नोलॉजी बाद में आई, जो न केवल एक उन्नत तकनीक है, अपितु उसका सबसे बड़ा लाभ यह है. कि. प्रसारण के अलावा. इलेक्ट्रॉनिक्स के अन्य टेलीकम्यूनिकेशन उपकरणों, जैसे-मोबाइल फोन, इंटरनेट आदि में डा नि छण (0? ]एपाएररिडापा! डिजिटल से र्मित उलोपिजन फयमय सम रपये ट्रांसफर किए जा सकते हैं। 2007 में पूरी हुई पंचवर्षीय योजना में 'दूरदर्शन ने अपने छह स्टूडियो केन्द्रों और 35 छोटे प्रसारण केन्द्रों को डिजिटल प्रणाली में परिवर्तित किया। *डी.टी.एच.' टेलीविजन प्रणाली : उपग्रह से प्रसारित टेलीविजन सेवा के लिए ,आरंभ से सी बैंड का उपयोग किया जाता था। घरों में लगे सामान्य टेलीविजन सेटों पर सी-बैंड के सिग्नल को केबल नेटवर्क खास डिश एंटिना लगाकर प्राप्त करते थे और उसे केबल के जरिए घरों में पहुंचाते थे। डी.टी,एच. प्रणाली 'के यू-बैंड'

का उपयोग करती है। इस प्रणाली में एक छोटी पैराबोलिक डिश घर में लगाकर डी.टी. एच. सिग्नल को सेटटॉप बॉक्स के जरिए सीधे टेलीविजन सेट से जोड़ा जाता है। डी.टी.एच. प्रणाली में कई और सुविधाएं हैं, जैसे- 'उससे वीडियो गेम खेले जा सकते हैं, परिवार में अगर पालक चाहें तो कुछ चैनल बंद कर उनसे बच्चों को बचाया जा सकता है, इंटरनेट से टेलीविजन जुड़ सकता है, ई-मेल, वीडियो कॉन्फ़रेसिंग आदि की सुविधा का लाभ भी उठाया जा सकता है। 4996 में स्टार टेलीविजन ने डी.टी.एच. सेवा भारत मैं शुरू करने की पहल की थी। किन्तु केन्द्र सरकार ने तकनीकी कारणों से उसके लिए स्वीकृति नहीं दी। एक अध्यादेश (१997) द्वारा किसी भी बहुराष्ट्रीय डी.टी.एच. सेवा को केबल नेटवर्क के जरिए भारत में वितरण करने पर रोक लगाई गई थी। आगे चलकर 2000 में केन्द्र सरकार ने डी.टी.एच. प्रसारण के बारें में अपनी नई नीति घोषित की | 2004 में 'ट्राई' को रेगुलेटर घोषित किया गया। डी.टी.एच. चैनलों के ऊ52 ९ छाह0] (0288) 0पएएरडाप समर दर के पाई मे मी मतरालिय ये कक लिये बयाए जया प्रयय के दारि ये मी मत्रालिय ये कुछ मियिग बनाए जसो चैनल का स्वामित्व जिस निजी कंपनी के पास होगा, उसमें विदेशी पूंजी 49 प्रतिशत, से अधिक नहीं होगी और चैनल का मुख्य अधिकारी (सी.ई.ओ.) भारतीय नागरिक ही होगा आंदि। १6 दिसंबर, 2004 को 'दूरदर्शन ने अपनी डी.टी.एच. सेवा शुरू की- डीडी डिरेक्ट प्लस! यह सेवा बिना किसी शुल्क के देश में देखी जा सकती है। इसे लेने वालों को सिर्फ इसकी डिश और सेटटॉप बॉक्स खरीदना होगा, जिसे सामान्य टेलीविजन सेट से जोड़ा जाता है। डी.डी. डिरेक्ट प्लस पर इस समय 59 टेलीविजन चैनल देखे जा. सकते हैं और 20 रेडियो चैनल भी सुने जा सकते हैं। देश. के सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में सामुदायिक विंकास से जुड़ी संस्थाओं को दूरदर्शन ने डी.डी. डिरेक्ट प्लस के डिश और सेटटॉप बॉक्स बिना किसी शुल्क के मुहैया कराए हैं। दूरदर्शन के अलावा निजी स्वामित्व की कंपनियों द्वारा भी डी.टी, एच. चैनल चलाए जा रहे हैं। टाटा स्काई, डिश टी.वी., डिजिटल टी. यी., बिग टी.वी. और सन टी.वी. । डी.टी.एच. पोर्टल पर 300 से अधिक देशी-विदेशी टेलीविजन देखे जा सकते हैं। शोबाइल . टेलीविजन : मोबाइल टेलीविजन की प्रायोगिक सेंवा दूरदर्शन ले मई, 2007 में शुरू की। इसकी सेवा दिल्ली में संसद मार्ग से 0 किलोमीटर की परिधि में देखी जा सकती है। एच.डी.टी.वी. :. 'एच.डी.टी.वी.' परंपरागत टेलीविजन की ही उन्नत व्यवस्था है। टेलीविजन अब तक छोटे पर्दे का माध्यम रहा है। 'एच.डी. 353 का? एप्ण (0एछाए)एशाएहार5तप४ का को पड परे पर सर कर साफ दा जा सकता हा सकी पर स्पष्ट साफ जा सकता है। इसकी गुणवत्ता पाँच गुणा अधिक है। 'एच.डी.टी.वी. के बड़े पर्दे पर कार्यक्रम देखने का लुप्फ वैसा ही होगा, जैसा अभी थिएटर में सिनेमा के बड़े पर्दे पर देख कर मिलता है। दोनों के पर्दे (स्क्रीन) का आस्पेक्ट रेशियो 46:9 है। एच.डी.टी.वी. को प्लाज्मा या एल.एस.डी. डिस्प्ले या बड़ें पर्दे इनमें से किसी पर भी देखा जा सकता हैं। एच.डी.टी,वी. को किसी भी प्रणाली के जरिए घरों तक पहुंचाया जा सकता है, जैसे- टेरेस्ट्रियल, केबल, सेटेलाइट, डी. टी.एच. या इंटरनेट | हर आई.पी.टी.वी.: इस प्रणाली में इंटरनेट प्रोटोकाल (आई.पी.) का उपयोग कर टी.वी, के प्रसारणों को और उसके साथ वीडियो. ऑन डिमांड जैसी सुविधाओं को घरों तक पहुंचाया जाता है। ब्राडबैंड का कोई भी माध्यम आई.पी.टी.वी, के लिए उपयुक्त महानगर टेलीफोन निगम (एम, 'टी.एन.एल.) और भारत संचार. निगम (बी.एस.एन.एल.) ने मुंबई और दिल्ली में शुरूआत की है। टेलीकॉम ऑपरेटर इंटरनेट सर्विस देने वाली एजेंसियों और केबल के जरिए आई.पी.टी.वी. मिल सकेगा। दूरदर्शन की विभिन्न सेवाएं : दूरदर्शन देश का. सार्वजनिक. प्रसारक. (पब्लिक. सर्विस ब्रॉडकास्टर) है। स्थापना. के (१959) 57 वर्ष बाद आज दूरदर्शन विस्तार की दृष्टि से दुनिया का सबसे बड़ा टेलीविजन नेटवर्क बन चुका है। वर्तमान में दूरदर्शन के 40 से ज्यादा टेलीविजन चैनल चल रहे हैं, जिसमें 6 अखिल भारतीय हैं, एक चैनल संसद की कार्यवाही 354 कान छण (0९ए )◌ाएएारडापाए सह परोदिशिक मी ये उपग्रद बनते हो पड बनल राज्यस्तरौग संजाल के रूप में चलते हैं। दूरदर्शन का अंतर्राष्ट्रीय चैनल है- डी.डी. इंडियां | 4. डी.डी.-- राष्ट्रीय चैनल- इसमें तीन स्तरों की समन्वित सेवा पेश की जाती है- राष्ट्रीय कार्यक्रम, क्षेत्रीय कार्यक्रम और स्थानीय कार्यक्रम, जिन्हें बंटे हुए समय के अनुसार देखा जा सकता है। इस सेवा को +,3। टेरेस्ट्रिबल ट्रांससीटरों से प्रसारित किया जाता है, ताकि पूरे देश में सामान्य टेलीविजन सेटों पर लोग देख सकें । राष्ट्रीय महत्व के सभी कार्यक्रम, जैसे- स्वतंत्रता दिवस समारोह, गणतंत्र दिवस परेड, संसद के महत्वपूर्ण . कवरेज, चुनाव, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल कूद आदि का डी.डी.वन पर लाइव प्रसारण किया जाता है। 2. डी.डी.न्यूज- दिन-रात समाचार प्रसारण करने वाला. यह चैनल तीन नवंबर, 2003 को शुरू किया गया था। उपग्रह .के अलावा इसे देश, में स्थापित कुछ गिने-वचुने टेरेस्ट्रियल ट्रांससीटर भी प्रसारित करते हैं। इस चैनल पर 42 समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं, जिनमें 22 हिन्दी में, अंग्रेजी के 43 और सात बुलेटिन दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल से रिले किए जाते हैं । 3. डी,डी. स्पोर्ट्स- मार्च, 4999 में इसका प्रसारण शुरू हुआ। इसकी विशेषता है कि इस पर न केवल अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय अपितु प्रादेशिक और क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित खेल कूद के सभी टूर्नामेंट दिखाए जाते हैं। दूरदर्शन इन्हें लोकहित में कवर करता है न कि 355 व. छात0 (0९8 पारा 'स्कन्तराइिय यो विज्ञापनों के कारणों उपग्रद से प्रसारित जितने स्पोर्ट्स चैनल हैं, उनमें केवल यहीं एक चैनल है, जो बिना किसी शुल्क के (फी टू एयर) केबल चैनलों पर भी दिखाया जाता है। 4. डी,डी. भारती- 26 जनवरी, 2002 से प्रारंभ इस चैनल की विशेषता है कि यह कलाओं और सांस्कृतिक विषयों पर ऊंची गुणवत्ता के कार्यक्रम पेश करता है| प्रातःकालीन सभा. में इस पर स्वास्थ्य, योग और दोपहर की सभा में बच्चों और युवाओं के

लिए विशेष कार्यक्रम और शाम को संगीत और कलात्मक कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं । 5.. डी.डी, इंडिया-4. मार्च, 4995 को यह शुरू हुआ और इनसेट उपग्रह के अतिरिक्त पैस और पैन उपग्रहों के जरिए इसकी सेवा 472 देशों में देखी जाती है। इसमें समेकित रूप से भारत संबंधी समाचारों के अलावा यहां के. जीवन, कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलती हैं। कई देशों में प्रवासी भारतीय इस चैनल के 'जरिए. अपने को भारत से जुड़ा महसूस करते हैं। कनाड़ा, अमेरिका, जापान, ब्रिटेन आदि देशों में वहां की केबल टेजीविजन कंपनियां इस चैनल को दर्शकों -के लिए पे-चैनल के रूप में उपलब्ध कराती हैं। दूरदर्शन को इससे रॉयल्टी प्राप्त होती है। 6.' क्षेत्रीय भाषाओं के त्म्म चैनल- दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल हिन्दी और अंगेजी में प्रसारण करते हैं। इसके अतिरिक्त, कई क्षेत्रीय भाषाओं में दूरदर्शन के उपग्रह चैनलों से प्रसारण किया जाता है। ये चैनल हैं डी.डी. बंगाल (992), डी.डी. चंदना (कन्नड़ 994), डी.डी. गुजराती (994), कशीर (2000), डी.डी.पूर्वोत्तर प्रदेश (असमी और द 356 १? छुण (0९ ]एराशछारडाा दूर की पद मागियों को जज पजाक एण्यण ऊऊ संत (मराठी, १993), डी.डी. मलयालम (994), डी.डी. उड़िया (994), डी. डी. पोधिगई (तमिल, में-993 | 7.' दूरदर्शन कें क्षेत्रीय नेटवर्क-यह विशिष्ट सेवा 42 प्रदेशों की राजधानियों से दोपहर से रात 8 बजे के बीच प्रसारित्त की जाती है, जिसे उस प्रदेश के सारे केन्द्र रिले करते हैं । 8. दूरदर्शन पर खेती-किसानी- दूरदर्शन ने खेती-किसानी और अन्य ग्रामीण विषयों पर क्षेत्र विशेष की खास जरूरतों और सामयिक सूचनाओं को शीघ्रता से प्रसारित करने के लिए 'नैरोकास्टिंग' की योजना 2004 से चलाई है। जिसमें 36 केन्द्रों से सामयिक प्रसारण होते हैं और 480 ट्रांससीटरों से इन्हें संबंधित लोगों तक पहुंचाया जाता है। 9. डी.डी. डिरेक्ट प्लस- १6 दिसम्बर, 2004 से वीकेंड पर दूरदर्शन की यह डी.टी.एच. सेवा प्रारंभ हुई जिसे देश में कहीं भी देखा जा सकता है। इसके लिए नियत सेटटॉप बॉक्स और 60 सेंटीमीटर व्यास की पैराबोलिक छोटी डिश लगाकर उपग्रह से सीधे इस सेवा को देखा जा सकता है। फिलहाल डी.डी. डिरेक्ट प्लस के डिलिवरी. प्लेटफॉर्म द्वारा 69 टी.वी. चैनल और 26 रेडियो प्रसारित किए जा रहे हैं, ' जिनमें दूरदर्शन के अपने टी.वी. चैनलों के अलावा निजी प्रसारकों के फी टू एयर चैनल भी हैं । 40. डिजिटल टी.वी. सर्विस- यह 2003 में चार. मेट्रो शहरों में शुरू की गई है। यह टेरेस्ट्रियल ट्रांससीटरों से प्रसारित की जाती है। उचा शा? छातण (0 ॥पपा४९5[7% कनिक पास डिजिटल यो सेट हे व लागे उस बस है देख सकते हैं, जैसे बिना. किसी डिश के दूरदर्शन की मुख्य राष्ट्रीय सेवा साधारण एंटिना लगाकर देखी जा सकती है। 44. सोबाइल फोन- "दूरदर्शन की एक प्रायोगिक सेवा दिल्ली में 2007 में शुरू की गई है, जो अभी केवल सीमित क्षेत्र में उपलब्ध है। ' इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की स्वायत्तता एवं प्रसार भारती : भारतीय इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों की स्वायत्तता के लिए चल रहे प्रयासों को बहुत बड़ी सफलता उस क्षण प्राप्त हुई, जब सर्वोच्च न्यायालय ने 9 फरवरी, 4995 को इस पर अपनी मुहर लगाते. हुए अपने ऐतिहासिक फैसले में भारत सरकार को दिये गये आदेश में कहा कि देश में टी.वी. या रेडियो का नियंत्रण स्वतंत्र, स्वायत्तशासी व सार्वजनिक हाथों में हो, न कि सरकार अथवा निजी एजेंसियों के पास। १93 पृष्ठों के फैसले में जस्टिस पी.बी. सावंत, एस. मोहन और बी.पी. जीवन की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा, हवा की तरंगें या आवृत्ति सार्वजनिक सम्पत्ति है और उनके प्रयोग का अधिकार और उनका निर्धारण एक सार्वजनिक संस्था द्वारा हो, ताकि जनता के हितों की रक्षा होने के साथ ही उसके अधिकारों पर हमले को रोका जा सके। सर्वोच्च न्यायालय ने यह फैसला सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा दायर एक विशेष अनुमति याचिका पर दिया जिसमें छह देशीय क्रिकेट श्रृंखला के मैचों के सीधे प्रसारण का आदेश विदेशी टेलीविजन एजेंसी ट्रांसवर्ल्ड इंटरनेशनल (ट्री.डब्ल्यूआई.) को . कलकत्ता उच्च 358 व? छा[0] (088 )एपाएछारडापर न्यायिलिय दारा दिये जाये को युनायी थी गये मो या व से समय नया मोड़ लिया जब सूचना व प्रसारण सचिव ने एक आदेश द्वारा टी.डब्ल्यूआई. पर यह बंदिश लगा दी कि उसे अपलिंकिंग के लिए सिग्लन दूरदर्शन से ही लेने होंगे। वह अपनी प्रणाली से विकसित किये सिग्नलों का प्रयोग नहीं कर सकता। न्यायालय ने उस समय 'इस आदेश पर स्थगनादेश देते हुए टी.डब्ल्यू.आई. को अपने सिग्नल प्रयोग करने की अनुमति दे दी थी। शर्त यह लगायी थी कि टी.डब्ल्यू. आई. के कैमरे जहां मैच हो रहे हैं, वहां सिर्फ मैदान के ही दृश्य दिखायेंगे। यही विवाद पुनः 994 में वेस्टइण्डीज टीम के दौरे और त्रिकोणीय श्रृंखला के समय भी उठा था। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की धारा १9 (0) (ए) में सँल्लखित विचारों की अभिव्यक्ति व भाषण की स्वतंत्रता का हवाला देते हुए कहा कि किसी को भी सूचना भेजने और प्राप्त करने से नहीं रोका जा सकता। नागरिकों को सूचनाओं के आदान प्रदान का मौलिक अधिकार प्राप्त है और टेलीविजन प्रसारण , को भी इसी संदर्भ में लिया जा सकता है। लेकिन इन अधिकारों के दुरूपयोग को रोकने के लिए जन प्रतिनिधियों की एक निगरानी समिति गठित की जा सकती है। न्यायाधीशों का मानना है कि यह समिति सार्वजनिक सम्पत्ति की कीमत पर थोपी गयी है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रयोग भी शामिल था। साथ ही संविधान के तहत भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर भी रोक लगायी गयी है। न्यायालय के इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद केन्द्र सरकार से तत्काल सभी वर्गों के एक स्वतंत्र स्वायत्तशासी निगम के गठन की अपेक्षा की गयी। 359 नर छण (0 )पाएगरडापाए “रयिफियोय सद किया कि माय ये अभिय्यवित को स्वतग्रतों के मूल अधिकार में सूचनाओं का प्रभावशाली ढंग से आदान-प्रदान शामिल है और देश की बड़ी जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए यह आदान-प्रदान देश ही नही, विदेश से. भी होना चाहिए। सूचनाओं के आदान-प्रदान की कोई भौगोलिक सीमा नहीं है। अतः प्रत्येक नागरिक को संचार

एन.डी.टी.वी. समूह : 80 के दशक के अंत में जब दूरदर्शन निजी निर्माताओं को कार्यक्रम बनाने के लिए आमंत्रित कर रहा था तो समसामयिक मुद्दों पर कार्यक्रम बनाने की पहल करने वाले कुछ लोगों में डॉ. प्रणव राय भी एक थे। अकादमिक पृष्ठभूमि के प्रणव राय ने न्यू दिल्ली टेलीविजन (एन.डी.टी.वी.) के नाम से १988 में अपने प्रोडक्शन की स्थापना की। उन्होंने विभिन्न चुनावों के दौरान दूरदर्शन के लिए एंकरिंग और चुनाव विश्लेषण का कार्य भी किया। लेकिन उन्हें आम लोगों में लोकप्रियता 'द वर्ल्ड दिस वीक' -से मिली। दूरदर्शन पर प्रसारित इस कार्यक्रम में हफ्ते भर के अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम को प्रस्तुत किया जाता था। कार्यक्रम अंग्रेजी में होने के बावजूद शहरों में दर्शकों ने इसे बड़े चाव से देखा। १995 में उन्हें दूरदर्शन पर ही आधे घंटे का, एक समाचार कार्यक्रम *द न्यूज टुनाइट' बनाने का मौका मिला। बाद में कुछ दिनों तक स्टार प्लस चैनल पर प्रसारित समाचार बुलेटिन के निर्माण का काम भी किया। यह बी.बी.सी के लिए भी अनेक समसामयिक कार्यक्रमों का निर्माण करता रहा। प्रणव राय के टेलीविजन न्यूज को सबसे बड़ा प्रोजेक्ट तब मिला जब रूपर्ट मर्डोक ने १998 में अपना चौबीस घंटे समाचार प्रसारित करने वाला चैनल आरंभ करने का फैसला किया। स्टार इंडिया ने इसके लिए एन.डी.टी.वी. को प्रतिदिन 40 लाख रूपए चुकाए। पांच साल तक समाचारों का निर्माण करता रहा। इस दौरान एन.डी.टी.वी, ने समाचारों की कवरेज और प्रस्तुति में एक गंभीर और परिपक्व छवि बना ली। प्रणव राय ने इसी दौरान एक अनुभवी और कुशल 00 स्व यी पय पग मेयर पर या पिसम उनको पप्तण (08 ]एपाएछारडापा की एक कर ली, 'राजदीप सरदेसाई, सोनिया वर्मा, अर्णव गोस्वामी, बरखा दत्त, पंकज चौधरी, रूपाली तिवारी, विक्रम चंद्रा, मनोरंजन भारती, विजय विद्रोही, कमाल खान इत्यादि शामिल थे। 2003 में स्टार न्यूज़ और एन.डी.टी.वी, के बीच का. कंटेंट का करार खत्म होते ही प्रणव राय ने अपने दो नए- हिंदी एन.डी.टी.वी. इडिया और के चैनल आरंभ कर दिए। लंबे समय तक 'एन.डी.टी.वी. का अंग्रेजी चैनल टी.आर.पी, की दृष्टि से देश का नंबर एक चैनल बना रहा। लेकन सी.एन.एन.-आई.बी.एन. ने इसकी दर्शकता पर कुछ असर डाला हिंदी चैनल की कंमान सैँभाली आज तक से आए दिबांग ने। संपादक दिबांग के अलावा पुण्य प्रसून वाजपेयी (एक साल बाद वापस आज तक में लौटे) नगमा, सिंक्ता, निधि, कुलपति (जी न्यूज से) कुमार संजय सिंह, प्रियदर्शन, जनसत्ता, इत्यादि भी एन,डी.टी.वी. की टीम में जोड़ लिये गए। एन.डी.टी.वी. इंडिया कभी भी टी.आर.पी. की दौड़ में आगे नहीं निकल पाया। टैम आँकड़ों के अनुसार 'एन.डी.टी.वी. इंडिया (.88 प्रतिशत) 2004 के 47वें सप्ताह में आज तक (2.68 प्रतिशत) के बाद दूसरे नंबर पर आ गया था। हिंदी चैनल अपने समसामयिक कार्यक्रमों (मुकाबला, कशमशक, हम लोग, टक्कर, इंडिया बोले हकीकत) में समकालीन मुद्‌दों पर गंभीर एवं उपयोगी चर्चा विमर्श के लिए सराहा जाता है। एन,डी.टी.वी. के चैनल अपने सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता के लिए भी जाने जाते हैं। 2004 में एन.डी.टी.वी.को अंतरराष्ट्रीय प्रेस इंस्टीट्‌यूट ने पत्रकारिता में उत्कृष्टता के पुरस्कार से व दर का? छप्तण (0एएघ ]एपाएछरडापा सददिय ियो यिय पते हकि जय झन्य बनते मद रजनी को प्रमुख बनाए हुये थे तब भी ग्रामीण मुद्दों एवं विकास के मसलों पर सबसे अधिक सामग्री दिखानेवाला चैनल एन.डी.टी.वी. । 2006 में टेलीविजन चैनलों पर क्राइम शोज की होड़ लगं गई और सब चैनल अपराध समाचारों को सनसनीखेज तरीके से पेश करने लगे। एन.डी. टी.वी. ने एक उदाहरण पेश करते हुए अपना क्राइम शो डायल १00 बंद कर दिया। इसने बिजनेस चैनल एन.डी.टी.वी.प्रोपर्टी आरंभ किया | इंडिया टुडे समूह : अरूण पुरी ने मीडिया में अपनी शुरूआत १975 में इंडिया टुडे नामक अंग्रेजी पत्रिका से की थी। यह पत्रिका अब हिंदी, तमिल, मलयालम, तेलुगू के अलावा अंतरराष्ट्रीय संस्करण में भी छपती है। १988 में देश की पहली वीडियो मैगजीन वीडियो ट्रैक आरंभ करने का श्रेय इसी समहू को जाता है। इंडिया टुडे समझ्रू ने १995 में दूरदर्शन के मेट्रो चैनल पर आज तक के नाम से एक समाचार कार्यक्रम की शुरूआत की थी। वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र प्रताप सिंह (एस.पी.) को 'आज तक' की जिम्मेदारी सौंपी..गई। टेलीविजन के पूर्व अनुभव के. बिना एस.पी. ने आज तक की एंकरिंग का जिम्मा लिया। रात दस बजे प्रसारित होने वाला आधे घंटे तक यह कार्यक्रम हिंदी पट्‌टी पर रातोरात लाखों लोगों का पसंदीदा कार्यक्रम बन गया। आज तक ने हिंदी टेलीविजन पत्रकारिता में एक नए युग कीं" शुरूआत की। एस.पी. ने नए प्रयोग करते हुए समाचारों में देशज और ठेठ मुहावरों-कहावततों. का इस्तेमाल शुरू किया। सीधी-सादी छवि ने उन्हें आम दर्शकों का पसंदीदा एंकर बना दिया। 'ये थीं खबरें आज तक इंतजार कीजिए कल' में जनसामान्य की आवाज में सुनाई देने 02 नर छण (0९8१ )0पाएह्ारऽप सन जि कक ये समय को लोककयता के सार रिफय यड पिय और इस कार्यक्रम ने पहली बार हिंदी को टेलीविजन पत्रकारिता की दुनिया में स्थापित कर दिया। 43 जून, 4997 को दिल्ली में बॉर्डर फिल्म कें प्रीमियर शो के दौरान उपहार सिनेमा में आग लग गई। उस दिन का पूरा आज तक कार्यक्रम इस दुर्घटना की खबरों को ही समर्पित था। यह एस.पी. का अंतिम बुलेटिन भी साबित हुआ। अगले दिन उनका ब्रेन हैमरेज के कारण निधन हो गया। हिंदी पत्रकारिता ही नहीं, लाखों लोगों के लिए यह एक. दुःखद घटना थी | उनके बाद कुछ दिन राहुल ने एंकरिंग की। टीम के अन्य सदस्य संजय पुगलिया, आशुतोष दिबांग, अंजू गुलेरिया ने भी एंकरिंग संभाले रखी। आज तक के रिपोर्टर दीपक चौरसिया, राजेश बादल, विजय विद्रोही आदि इसे नई बुलंदियों पर ले जाते रहे। हमारा पहला उद्देश्य खबरों को नई तकनीक की मदद से जल्द से जल्द लोगों के बेडरूम में पहुँचाना है।. हमने तय किया है कि टेलीविजन समाचार पहले से अधिक दर्शनीय बनें और हम अंदर की कहानी को ज्यों-का-त्यों लोगों तक पहुँचाएँ। हम

सही मायने में चौबीस घंटे का समाचार चैनल बनना चाहते हैं। यह श्लोषणा आज तक के लांच होने के एक महीने बाद चैनल के सी.ई.ओ,. जी कृष्णन ने की। आज तक के प्रवेश ने भारतीय टेलीविजन पत्रकारिता के स्वरूप को पूरी तरह. बदलकर रख दिया। यह संयोग ही था कि आज तक के आरंभ के समय कई ऐसी बड़ी दुर्घटनाएँ हुई जिनकी तेज रिपोर्टिंग ने आज तक को लोकप्रियता हासिल करने में मदद की। जनवरी 2004 में गुजरात में भूकंप : आया, इसके अलावा गरमियों में बण3 शा.? छाण (0? ]एघाएएरडापए सालो उयियॉदयार ये चर सदर पाकिस्तान से सागर हियर करते अमेरिकी ट्रेड सेंटर पर आतंकवादी हमने में ध्वस्त होना और दिसंबर में भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला इत्यादि महत्वपूर्ण खबरें थीं | आज तक दिल्ली से ही प्रसारित हो रहा था, इसलिए प्रत्येक घटना की .तरसंवीरों को. यह जल्द ही दर्शकों तक, उपलब्ध करा पांया। जबकि न ग् जबकि आज त्तक दर्शकों के लिए फ्री टूं एयर उपलब्ध रहा। नतीजा यह निकला कि लांच हांने के सात महीने के अंदर हीं आज -तरकं ने दर्शक संख्या में अन्य दोनों चैनलों को पीछे छोड़ दिया। आज तक के आगे निकलने का एक महत्वपूर्ण कारण इसकी तेज छवि (आज तक सबसे तेज) और आक्रामक मार्केटिंग ।. पुरानी फिल्मों पर आधारित इसका मनोरंजन विज्ञापन अभियान बड़ा ही तेज चैनल है भी काफी लोकप्रिय रहा। अपनी ब्रांड छवि तेज बनाने के लिए आज तक ने 'चटक लाल रंग का प्रयोग किया। साथ ही अधिकाधिक घटनाओं के सीधे प्रसारण ने भी इसमें अच्छी मदद की। तकनीकी दृष्टिकोण से भी आज तक देश का पहला. पूर्णतः डिजिटल समाचार चैनल था। डिजीटल कैमरों अत्याधुनिक नॉन लीनियर एडिटिंग और ग्राफिक्स सॉफ्टवेयर का उपयोग करके बिलकुल नए अंदाज में समाचारों की पैकेजिंग की, जिसे लोगों ने पसंद किया। 200 में इंडियन टेलीविजन एकेडमी ने सर्वश्रेष्ठ चैनल का पुरस्कार दिया। एक 'जनवरी से 30 मार्च, 2002 के दौरान इसने समाचार बाजार में 56 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा जमा 404 भा? प्िण (0 ]पाएछार डा दया दा जा रूट क्र क सच दतरनिकरन यो जया जी से 22 साय दूसरे सन पर स्टार न्यूज 7 प्रतिशत दर्शकों के साथ तीसरे स्थान पर था। इसे इस दौरान समाचार चैनलों को मिलने वाले कुल विज्ञापनों का 55 प्रतिशत हासिल था। आज तक ने सिद्ध कर दिया कि समाचार चैनल भीं विज्ञापन से कमाई कर सकते हैं। इससे पहले माना जाता था कि केवल मनोरंजन चैनलों से ही आय होती है और समाचार चैनल हमेशा घाटे में रहते हैं। लेकिन इसकी लोकप्रियता ने विज्ञापनदाताओं को: अपनी राय बदलने को विवश कर दिया। यह हिंदी टेलीविजन पत्रकारितां की पाठशाला भी साबित हुआ। ढेरों पत्रकार इसमें काम करने के दौरान टेलीविजन पत्रकारिता सीख कर अन्य चैनलों में अच्छे पदों पर काम करने लगे, ज़िनमें दिबांग, अल्का सक्सेना, पूर्व संपादक जी न्यूज, संजय पुगलिया, आशुत्तोष, समाचार संपादक, उदय शंकर आदि। 'सरननामा 975 -.. इंडिया टुडे (अंग्रेजी) पत्रिका १986 --... इंडिया टुडे (हिंदी) पत्रिका १988. -... वीडियो मैगजीन न्यूज ट्रैक 990 --... म्यूजिक टुडे 2 ..... 7... बिजनेस टुडे मैगजीन 4995 *'.-... आज तक कार्यक्रम (दूरदर्शन) द बण्ड का? छ्ण (0एह४ ]पाएएर आप पालक सनकरबनल एल 2007 --... आज तक सर्वश्रेष्ठ चैनल घोषित 2008... --.. रेडियो चैनल शुरू (रेड एफ.एफ.) 2003 -.. अंग्रेजी चैनल हेडलाइन टुडे 2006 ना तेज और दिल्ली आज तक बाजार की प्रतिस्पर्द्धा में आज तक का चेहरा काफी कुछ बदल गया। अब समाचारों में मनोरंजन का इनपुट बढ़ गया। इन्फोटमेंट के साथ-साथ खबरों को चटपटा और सनसनीखेज बनाया जाने लगा। आज तक का संभाचार बोध काफी कुछ बदल गया। -अब फैशन, फिल्म, अपराध, ग्लैमर और व्यक्ति पर केन्द्रित समाचारों को प्रमुखता दी जाती है, या कहें कि एस.पी. का आज तक अब देश में टेबलायड टेलीविजन की शुरूआत करने वाला चैनल बन गया। 2008 में टी.वी. टुडे युप ने अपना अंग्रेजी चैनल हेडलाइंस टुडे शुरू किया। ग्रुप में इसके लिए अलग से रिपोर्टरों का नेटवर्क स्थापित करने की बजाय पुराने रिपोर्टरों की खबरों को अंग्रेजी में डब करके दिखाने का फैसला किया। आज तक के लाल रंग के स्थान पर इस चैनल ने नारंगी-रंग को अपना ब्रांड कलर बनाया। चैनल का नारा है। चैनल ने राजनीति के स्थान पर फिल्म, फैशन और जीवन शैली को अपना प्रमुख विषय बनाया। लेकिन अन्य अंग्रेजी, चैनलों के मुकाबले यह अपनी विशेष पहचान बनाने में असफल ही रहा। 406 का.ए छाए] (0? )0पा४हार574 साय परिरियी पेय सगी यरि यजकासरा 00 मे परिर्योपियोँ बदलने लगी एन.डी.टी.वी. इंडिया और स्टार न्यूज आज तक को कड़ी टक्कर देने लगे। अब.आज तक और इसके प्रतिस्पर्धी चैनलों में दर्शक संख्या का फासला थोड़ा कम हो गया। टैम (टेलीविजन ऑडिएंस मेजरमेंट) आँकड़ों के अनुसार 2004 के 47वें सप्ताह हिंदी समाचार चैनलों के दर्शकों की संख्या 8.7 प्रतिशत थी | इसमें आज तक पहले स्थान 2.67, एन.डी.टी.वी. इंडिया दूसरे स्थान .88, जी न्यूज तीसरे 4.53 और स्टार न्यूज चौथे स्थान १.24 पर था। 2006 में टी.वी. टुडे ग्रुप ने दो नए चैनलों की शुरूआत की। पहला समाचारों को फटाफट प्रस्तुत करने वाला तेज चैनल और दूसरा दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की खबरों पर केन्द्रित दिल्ली आज तक सन समूह : दक्षिण भारत का सन ग्रुप देश का दूसरा सबसे बड़ा टेलीविजन नेटवर्क है। इसके स्वामी कलानिधि मारन हैं। उन्हें व्यावसायिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि विरासत में मिली है, क्योंकि वे राजनेता एम. करूणानिधि के रिश्तेदार हैं और उद्योगपति मुरासोली मारन के बेटे। 4992 में कलानिधि मारन अमेरिका से एम.बी.ए. की डिग्री लेकर भारत लौटे तो उनके मन में टेलीविजन चलाने का एक सपना था। उनके पास पर्याप्त पूँजी नहीं थी, किन्तु बड़ा जोखिम उठाने के बजाय छोटी शुरूआत करके आगे बढ़ना चाहते थे। उन्होंने जी.टी.वी. के मालिक सुभाष गोयल से मिलकर उनका ट्रांसपोंडर कुछ समय के लिए किराए पर लेने की योजना बनाई । उस समय

class="stl_COL1">2000 तक मारन दक्षिण भारत में बनाई गई लगभग 70 प्रतिशत फिल्में खरीद चुके थे। पहले चैनल की शुरूआत के केवल एक साल बाद ही मारन ने अक्टूबर, 994 में कननड़ चैनल उदय टी.वी. आरंभ करके अपना कारोबार कर्नाटक तक फैला दिया। उसके बाद चैनलों का सिलसिला आगे बढ़ने लगा। 996 में आंध्र प्रदेश में तेगुलू चैनल जैमिनी शुरू हुआ और 4998 में मलयाली चैनल सूर्या भी शुरू किया गया उनकी सफलता, का रहस्य उनका केबल नेटवर्क सुमंगली केबल विजन भी 'रहा। शुरूं से ही सुमंगली ने सन ग्रुप के चैनलों को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हूँ। मारन जानते थे कि दक्षिण में उपग्रह चैनलों के दर्शकों की संख्या उस समय बहुत कम थी। केबल नेटवर्क के द्वारा सैटेलाइट कनेक्शनों की संख्या भी बढाई | वर्तमान में सन ग्रुप के 44 टेलीविजन चैनल है, जिसमें चार तमिल (सन,टी.वी. के सन न्यूज, सन म्यूजिक, चार. तेलुगु (जैमिनी 408 लि 6.2 80 (0९ )ाएारजापग यो वेज सजा चयूज दिस उयो ये गलयाता सरल जार किरण ढ्ी.वी.), चार कन्नड़ (उदय टी.वी., उषे टी.वी. उदय न्यूज, 'उदय-2 चैनल शामिल हैं। इनके अलावा इसके चार रेडियो चैनल (विशाखा एफ.एम-, सूर्य एफ.एम), . दो दैनिक समाचार पत्र और 4 पत्रिकाएं भी |... सहारा समूह : 80 के दशक में एक छोटी सी चिटफंड कंपनी से अपना कारोबार आरंभ करने वाले सुब्रतो राय ने मीडिया में शुरूआत *राष्ट्रीय सहारा' दैनिक अखबार से की | 90 के दशक के आरंभ में यह पत्र उस समय प्रकाशित किया गया जब देश . में उदारीकरण की नीतियों का उदय हो रहा था। “राष्ट्रीय सहारा' ने डंकल प्रस्ताव और विश्व व्यापार संगठन की नीतियों के विरूद्ध जोरदार अभियान चलाया। इसका शनिवार को प्रकाशित होनेवाला “हस्तक्षेप' अपनी विषय वस्तु के लिए बहुत ही लोकप्रिय हुआ। बाद में सहारा समूह ने अपना टेलीविजन चैनल आरंभ किया, जिस पर समाचार भी दिखाए जाते थे। लेकिन मूललः यह एक मनोरंजन चैनल था। आगें चलकर इसका नाम बदलकर सहारा वन 'कर दिया गया। 2002 में चौबीस घंटे समाचार प्रसारित करने “वाला *सहारा समय' राष्ट्रीय चैनल शुरू किया गया। यह चैनल पूरी तरह से डिजिटल तकनीक पर आधारित था, किन्तु यह देश के प्रमुख समाचार “चैनलों में अपना स्थान नहीं बना पाया। सहारा समूह ने राष्ट्रीय के साथ-साथ क्षेत्रीय बाजार में भी राज्यवार चैनल शुरू किए। सहारा के " मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और राष्ट्रीय राजधनी क्षेत्र (एन.सी. आरी चैनलों ने अपनी अच्छी पहचान बनाई । “राष्ट्रीय सहारा' अखबार 09 १. पा0] (088 ]प४हारडाए 'डपावा सा पदक बविद प्रकोरन हे जिनमे उप अजवार मरे अंग्रेजी पत्रिका है। इनाडू समूह : रामोजी राव ने मीडिया में अपना कारोबार, इनाडू नामक तेलुगू अखबार से 40 अगस्त, 4974 (विशाखापत्तनम) को शुरू किया था। एक साल, बाद १7 दिसंबर, १975 को यह अखबार हैदराबाद से भी छपना शुरू हो गया। । मई, १978 को इनाडूं का विजयवाड़ा संस्करण निकला और इस प्रकार एक-एक करके आंध्र प्रदेश के सभी जिलों तक उन्होंने अपनी पहुंच बना ली। देश में अपनी तरह का यह पहला प्रयोग था, जब किसी समाचार पत्र के जिला संस्करण छापे जा रहे थे। उनका बात पर अधिक जोर था कि आम “लोगों की समस्याओं से संबद्ध समाचारों को प्रमुखता से छापा जाए। इस समय इनाडू समाचार पत्र के दो दर्जन संस्करण प्रकाशित हो रहे हैं। अप्रैल १995 में रामोजी ने इनाडू टी.वी. (ई.टी.वी.) नामक तेलुगू चैनल आरंभ किया। उन्होंने हैदराबाद में रामोजीं फिल्म सिटी (आर. एफ,सी.) भी स्थापित. किया। फिल्म निर्माण की. सभी सुविधाओं से सुसज्जित यह फिल्म सिटी दक्षिण भारत में अपनी तरह का एकमात्र स्थान है। हजारों पर्यटक फिल्म सिटी देखने आते हैं जो अब आय का भी एक अच्छा स्रोत है। यह समूह वर्तमान में कुल 47 चैनल प्रसारित कर रहा है, इनमें ई.टी,वी, तेलुगु, कननड़, बांग्ला मराठी, हिन्दू गुजराती, उर्दू, उड़िया प्रमुख हैं। 27 जनवरी, 2002 को उन्होंने एक साथ छह क्षेत्रीय चैनल शुरू करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया। इनमें चार हिंदी राज्यों के चैनल थे। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान! इनाडू 40 का. 80] (088 )0पाएएारडाप नल कि कायिकरन कगोंण योर प्रसारण को सारी कोने गम उस से 'रामोजी फिल्म सिटी, हैदराबाद से नियंत्रित होता था। इनाडू समूह ने राष्ट्रीय समाचार चैनलों से टक्कर लेने के बजाय क्षेत्रीय बाजार में अपनी पहचान बनाने की रणनीति पर अमल किया और यह नीति काफी हद तक सफल भी रही । समाचार-पत्र, टेलीविजन और फिल्म सिटी के अलावा इनाडू समूह की मार्गदर्शी नामक चिटफंड कंपनी भी है। वर्तमान में लगभग पांच लाख ग्राहकों से यह कंपनी सालाना 3,000 करोड़ रूपए का कारोबार करती है। उनके कारोबार में प्रिया ब्रांड के मसाले और अचार बनाने वाली कंपनी भी. है। कलांजलि नामक भारतीय संस्कृति से जुड़ी कला वस्तुओं को बेचने वाले शोरूम भी उनके व्यापार में शामिल है। इनके अलावा डालफिन ग्रुप आफ होटल्स के जरिए उन्होंने होटल व्यवसाय में अपना. भाग्य आजमाया है। “उषा किरण मूवीज' 'फिल्म-निर्माण में कार्यरत है। वहीं मयूरी फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स फिल्म वितरण का काम करती है। इंडिया टी.वी.- जी टी.वी. पर प्रसारित 'जनता की अदालत' कार्यक्रम से लोकप्रिय हुए रजत शर्मा ने 20 मई, 2005 को इंडिया टी.वी. की शुरूआत की। उनके साथ थी पर्यावरणविद् मेनका गांधी और तहलका डॉट कॉम के मालिक तरूण तेजपाल। चैनल शुरू करने से पहले मार्केटिंग के दौरान से रजत शर्मा ने अपने चैनल की नई छवि प्रस्तुत करने की कोशिश की और विज्ञापनों में नारा दिया कि देश बदलना है बह तर छ्तणु (088 ]एाएहारडापा सपा से दी वे कप किले की पर यसिन पाएँ दिये यम ये झयय ये को पेय लाइन बदलें भारत की तस्वीर । लेकिन इंडिया टी.वी.

लोकप्रियता के मामले में अपनी अधिक पहचान नहीं बना पाया। इसको उसके स्टिंग आपरेशनों के लिए भी जाना जाता है। कास्टिंग काउच की अवधारणा का परदाफाश करने के लिए इंडिया टी.वी. ने शक्ति क्पूद/#और अमन वर्मा पर स्टिंग ऑपरेशन किया। पत्रकारिता जगत में इसकी काफी आलोचना हुई। हालाँकि, कुछ समय तक इसके कारण इंडिया टी.वी. 'एकाएक चर्चा में आ गया, लेकिन फिर टी.आर.पी. के मामले में यह चैनल पिछड़ गया। जनता की अदालत का नाम बदलकर आपकी अदालत के रूप में प्रसारण किया जाता है। 'जनमत ' टी.वी. : 2005 में श्री अधिकारी ब्रदर्स ने एक नए विचार के साथ जनमत टी.वी. की शुरूआत की। विचार था- देश की पहचान विचार चैनल। नाम के अनुरूप इस चैनल पर लंबे समय तक समसामयिक विषयों पर विभिन्न फॉर्मेटों के कार्यक्रमों में विचार-विमर्श किया. जाता रहा। करंट अफेयर्स कार्यक्रमों में राहुल, देव, उमेश उपाध्याय, अलका सक्सेना, मनोज रघुवंशी, हरीश गुप्ता आदि अनेक जाने-माने चेहरे दिखाई दिए। इन कार्यक्रमों के बीच में कुछ समाचार भी दिखाए जाते थे, लेकिन लगभग एक साल तक कोई विशेष पहचान न बना पाने के बाद इसमें समाचार और विचारों का अनुपात आधा-आंधा कर दिया। इसके अलावा इनका एक और चैनल सब टी, वी. है। सी.एन.एन.- आई.बी.एन. समूह : 2005 में अंग्रेजी समाचार चैनलों के बाजार में विदेशी पूँजीवाले एक नए चैनल ने कदम रखा। इसे शुरू व १? छाण् (०९८ ]एपाएपरिडापर कल पल कया स्लायित करिकास्ट जे लगपिय मे रा ग्लादव ककककर्ट न्यूज (जी.बी.एन.) में टी.वी. १८ के 74 प्रतिशत और अन्य शेयर कुछ पत्रकारों-राजदीप सरदेसाई, समीर मनचंदा और हरेश चावला के हैं, जबकि चैनल चलाने में टर्नर इंटरनेशनल की भी हिस्सेदारी है। चैनल के प्रबंध संपादक राजदीप सरदेसाई ने चैनल शुरू करते समय कहा था कि आई.बी.एन. लाइव सही अर्थों में एक पत्रकारों द्वारा संचालित चैनल होगा और संपादकीय स्वतंत्रता को पूरा महत्व दिया जाएगा। इसके अलावा चैनल ने बड़े जोर-शोर से नागरिक पत्रकारिता का ऐलान किया और कहा कि अब दर्शक और पत्रकारों के बीच का भेद समाप्त हो गया है। आम दर्शक भी चैनल को अपनी फिल्मांकन की गई वीडियो क्लिप भेज सकते हैं। इसके परिणाम काफी उत्साहजनक रहे और इसके अंतर्गत अनेक एक्सक्लूसिव वीडियो चैलन दिखाए गए। सी.एन.एन.- आई.बी.एन. के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्याप्त सहयोग है। इसका कारण था सी. एन.एन. 'के साथ इसकी भागीदारी |: सी.एन.एन. दुनिया भर में 38 उपग्रहों की मदद से प्रसारित किया जाता है। सी.एन.एन, इंटरनेशनल को पूरी दुनिया में 49 करोड़ 30 लाख दर्शक देखते हैं ।. सी.एन.एन. -आई.बी.एन. को आरंभ से ही दर्शकों ने काफी पसंद किया इसका एक कारण यह भी था कि अभी तक केवल एक ही अंग्रेजी चैनल (एन.डी.टी.वी. 24ग7) दर्शकों को उपलब्ध था। टी.आर.पी. में सफलता के बाद जी.बी.एन. समूह ने हिंदी चैनल में जागरण के चैनल-7 के शेयर खरीद कर कदम रखा। इस चैनल की शुरूआत प्रतिष्ठित हिंदी समाचार पत्र समूह जागरण ने 2005 में की थी। अजय उपाध्याय, अजीत साही और प्रशांत टंडन जैसे वरिष्ठ पत्रकारों की मदद से नई टीम को एक माह प्रशिक्षण देने के बाद चैनल-7 शुरू किया गया। अं श.? छाप्तण] (0९८ प्राएहरडाा 'कन सदन लॉस दिखाते को दावा कर यायो यह बनल साल भर में भी अपनी अलग पहचान नहीं बना पाया। एक जून, 2006 को चैनल-7 को नए कलेवर के साथ री जांच कर दिया गया। चैनल का नया नारा था-खबर हर कीमत पर। आज तक' के आशुतोष, सुमित अवस्थी, संजीव पालीवाल, प्रबल प्रताप सिंह इत्यादि पत्रकारों को हिंदी के नए चैनल की कमान सौंपी गई। दरअसल जी.बी.एन. ने इस बात को समझ लिया था कि हिंदी का बाजार न केवल बड़ा है, बल्कि आप लोगों में इसकी लोकप्रियता भी अधिक हो सकती है। टाइम्स नाउ : टाइम्स नाउ चैनल की शुरूआत 3। जनवरी, 2006 को हुई। इसे देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र समूह टाइम्स और अंतरराष्ट्रीय न्यूज एजेंसी *रायटर्स' ने मिलकर आरंभ किया। भारत के शहरी माध्यम वर्ग को अपना प्रमुख दर्शक बताने वाले इस चैनल ने अपना नारा बनाया फींल दा न्यूज टाइम्स की ग्लोबल .ब्रॉडकास्टिंग कंपनी लिमिटेड के देशभर में ब्यूरों हैं। टाइम्स समूह का समाचार-पत्र, मैगनीज, संगीत्त, एफ.एम., रेडियो, इंटरनेट, मोबाइल सेवा इत्यादि में पहले से ही कारोबार है। जबकि रायदस्र के पास दुनिया भर के १29 देशों में स्थित 496 ब्यूरो ऑफिसों में 2,300 कर्मचारियों का स्टाफ है। एन.डी.टी.वी. से पत्रकारिता में दीक्षित हुए और ऑक्सफोर्ड में पढ़े हुए अर्णव गोस्वामी को टाइम्स नाउ का 'एडीटर-इन-चीफ बनाया गया। भुगतान चैनल : इन निजी चैनलों को चैनल नियामक द्वारा निर्धारित राशि अदा कर देखा जा सकता है। यदि उपभोक्ता केबल के माध्यम से इन्हें ग्रहण कर रहा है तो उसे ये केबल ऑपरेटर को निर्धारित 44 .? 80] (0९88. 0:::64 सा य झरक मे देख जाये योग्य यगता हा असर के नये .से इन्हें प्राप्त करने की स्थिति में इन चैनलों का निर्धारित शुल्क अदा करना पड़ता है। उपभोक्ता उपलब्ध पैकेज के अनुरूप ग्राहक राशि को चैनल नियामक को प्रस्तुत करता है और उसके एवज में वह चैनल देख सकता है। वर्तमान में प्रमुख डीज्टी.एच, आपरेटर डिश टी.वी. ने यह व्यवस्था की है कि इसके सेट टॉप बाक्स में एक चिप कार्ड लगाया गया है। मोबाइल के रिचार्ज कूपन की भाँति निर्धारित राशि का भुगतान कर चैनल सीधे ही देख सकते हैं। भुगतान चैनलों के आ जाने से जहां निजी चैनल निर्माताओं के कार्यक्रमों की गुणवत्ता को लेकर प्रतिस्पर्धा पनप रही है, वहीं प्रसारण एवं प्रस्तुति के नवीन आयाम थी निरंतर ग्राहकों को मिल रहे हैं । सेटेलाइट टेलीविजन चैनल्स एवं केबल प्रसारण- सेटेलाइट चैनल और केबल टेलीविजन प्रकारान्तर से एक दूसरे का पर्याय ही हैं । आज समूचे संसार में सूचना क्रांति चरम पर है। टी.वी. भी इससे अछूता नहीं है। दुनिया भर के सैकड़ों चैनल आज

सेटेलाइट और केबल के माध्यम से दर्शकों के लिए उपलब्ध है। सेटेलाइट चैनल्स में तकनीकी पक्ष यह है कि विभिन्न चैनल्स जैसे, टी.वी. स्टार प्लस, सोनी, सहारा, डिस्कवरी ,आदि के कार्यक्रम उनके. प्रसारण स्टूडियों से एक निश्चित .. फ्रीक्वेंसी, पर निश्चित उपग्रह और उसके ट्रांसपोंडर के माध्यम से प्रसारित किएं जाते हैं। इन कार्यक्रमों को. प्रचलित दूरदर्शन-वन 'दूरदर्शन-2 (मेट्रो) की तरह सीधे आम घरों में प्रयुक्त किए जाने वाले साधारण , टी.वी. एण्टीना की सहायता से देखा नहीं जा सकता। सेटेलाइट प्रसारणों के लिए लाइसेंसशुदा केबल. आपरेटर निर्धारित क5. .? प0] (0९88 ] पाए 'ृकवयों के गियर उपकरण सार दायरा के पेगयफ मर मं उपकरण संचार व्यवस्था सपकागागगारमाग उपकरण स्थापित करता है। इसमें मूलतः एक डिस्क और विभिन्न चैनलों के लिए हेतु ट्रांसपोंडर होते हैं। हर एक चैनल अपनी निर्धारित स्थिति, फ़्रीक्वेंसी और ट्रांसपोंडर के जरिए केबल आपरेटर को प्राप्त होता है। वह इन सिंनलों को प्राप्त करके उन्हें अपने यहां से आप्टिकल फाइंबर केबल या अन्य प्रकार की केबल से उपभोक्ता के 'घर तक पहुँचाता है। पूरी प्रक्रिया के लिए बिजली वितरण के तारों की व्यवस्था की तरह घर-घर कनेक्शन किया जाता हैं। उपभोक्ता केबल को अपने टी.वी. सैट से जोड़कर मनचाहे कार्यक्रम को टी.वी. चैनल बदलकर प्राप्त कर सकता है। केबल आपरेटर उपलब्ध कराए जा रहे चैनलों के आंधार पर निर्धारित शुल्क उपभोक्ता से वसूलता है| वर्तमान में मनोरंजन, सूचना, समाचार, 'फैशन, खेल आदि के सैकड़ों चैनल बाजार में हैं। विभिन्न प्रकार की उपग्रह प्रणालियां इन्हें बाजार में दिन-रात उतार रही हैं। सैकड़ों केबल आपरेटर अपने-अपने क्षेत्र में केबल जाल फैला रहे हैं और अनगिनत टी.वी. उपभोक्ता इनसे जुड़े हैं। सेटेलाइट और केबल टेलीविजन का प्रभांव यह है कि इन्होंमे उपभोक्ताओं को एक वृहद परिप्रेक्ष्य उपलब्ध कराया है और सैटेलाइट टेलीविजन और केबल टी.वी. एक उद्योग की तरह पत्तप रहा है। कार्यक्रमों की बाढ़ में उनकी लोकप्रियता और पहुंच के समीकरण थी बदल रहे हैं। आज उपभोक्ता जहां नवीनता की मांग को लेकर आक्रामक हैं वहीं चैनलों इस प्रभाव में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। से शीत-युद्ध एक से एक विज्ञापन व प्रसारण नीतियां, डिजिटल प्रसारण स्टीरियों से लेकर डॉल्वी डिजिटल तक ध्वनि प्रसारण, क्षेत्रीय भाषाओं. 46. ा.? छान [0शण ]राएारडापा कुसाय पर गाय यो यिता यम सा पिया यद सितार प्रसारण " मनोरंजन की | रचा बसा यह संसार उपग्रह से उत्तर कर केबल के ज़रिए समाज में चारों ओर छा गया है। अत ०... न्यूं मीडिया «० वेब पत्रकोरिती एवं पोर्टल,ब्लार्ग ०... मल्टी मीडिया | बी, भर छातण (0९व )एप४8रडप१ एव यरकारिता, पादिल ब्लॉग 'इण्टरनेट की स्थापना अमेरिका के रक्षा विभाग ने की थी। इसकी स्थापना का उद्देश्य रक्षा संबंधी सूचनाओं को कम्प्यूटर के द्वारा एक जगह से हजारों मील 'दूर स्थापित दूसरे कम्प्यूटर में शीघ्रता से पहुँचाना था। यह प्रयोग अपेक्षा से ज्यादा.सफल रहा। प्रारंभ में इसे आर्पनेट कहा गया। लेकिन जब इसका प्रयोग विश्वविद्यालय और अन्य सरकारी संस्थायें 'करने लगीं तो इसका नाम बदलकर इण्टरनेट हो गया | .इण्टरनेट को यदि आज के हिसाब से परिभाषित करें तो केवल यहीं कहा जा सकता है कि दुनिया भर में फैले लाखों कम्प्यूटर, का नेटवर्क है। इससे सभी कम्प्यूटर एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं तथा आपस में किसी भी तरह की सूचनाओं का आदान-प्रदान शीघ्रता से कर लेते हैं, इसलिये इण्टरनेट को सुपर हाइवे भी कहा जाता है। आज हम सूचनाओं के रूप में इस पर अखबार पढ़ सकते हैं, पत्रिकाएँ पढ़ सकते हैं, फिल्म देख सकते हैं, गाने सुन सकते हैं और गेम खेल सकते हैं। चाहे चित्र हो या आवाज,कम्प्यूटर हमेशा एक फाइल के रूप में समझता और समझाता है। सूचना का यहीं फाइल को रूप इण्टरनेट की जान है। आप किसी भी तरह की फाइल को सेकेंडों में ट्रांसफर कर सकते हैं। इण्टरनेट के लिए किसी देश की कोई सीमा नहीं है। आप मनचाही सूचनाएँ किसी भी देश में भेज सकते हैं और वहाँ से मैंगा सकते हैं। जिनके पास इण्टरनेट का कनेक्शन है, वह बिना किसी बाधा के या दुनिया की परवाह किये बिना किसी भी सूचना को भेज सकता है या मैँगा सकता है। आज छुनिया की सैकड़ों कम्प्यूटर कम्पनियाँ इण्टरनेट के विकास में लगी बा .? छाए] (एश९ए४ ]पाएछारडापाए हा इिन कन्योयियों मे दर के लिए योग गति से कये सर ये मोडम और आसानी से प्रयोग किए जाने वाले सॉफ्टवेयरों का विकास किया है। इन कृम्पनियों में माइक्रोसॉफ्ट का नाम सबसे अग्रणी है। माइक्रोसॉफ्ट ने अपने विंडोज 98 नामक ऑपरेटिंग सिस्टम को विशेष रूप से इण्टरनेट के लिए तैयार किया है। विंडोज 98 के आने से आज कोई भी कम्प्यूटर प्रयोगकर्ता केवल एक ऑपरेटिंग सिस्टम कीं कीमत में इण्टरनेट के सभी टूल्स प्रयोग कर सकता है | -इंण्टरनेट के लिए प्रयोग किए जानें. वाले दूसरे . सॉफ्टवेयर, जैसे- गो-फर, वर्जीनिका, या नेटस्कैप विंडोज 98 से बहुत पिछड़े हैं ।' कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के प्रो. लियोनार्ड क्लमिरॉक को इण्टरनेट का पिता कहा जाता है। डा. क्लमिरॉक और उनके साथियों नें सितम्बर, १969 को दो कम्प्यूटरों के बीच संवाद कायम करने में सफलता पाई थी। यंह संवाद रिफ्रेजरेर के आकार के एक रूटर के जरिए बना था जिसे इंटरफेस मैसेल प्रोफेसर कहा गया पर वास्वत में दो कम्प्यूटरों ने आपस में बात 20 अक्टूबर, १969 को की | डॉ. 'क्लमिरॉक और, उनके साथियों को कहाँ मालूम था कि. भविष्य से इतनी संभावना निकल आएगी. जो परियोजना शीतयुद्ध के काल में अमेरिका की सुरक्षा जरूरतों से शुरू हुई थी, वहं सूचना, मनोरंजन, ज्ञान-विज्ञान और सबसे बढ़कर व्यापार के माध्यम के रूप में विकसित हो गई। इण्टरनेट के वर्डवाइड वेब (9४४४) का. रूप लेने की यह यात्रा रोमांच भरी है। यह विकास +980 के दशक के. उत्तराध में हुआ। तब डाक्टबर्नसे ली. ने अपने निजी इस्तेमाल के लिए छोटा

